RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 67 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,गुरूवार, 03 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## 6 से 9 सितंबर तक दुबई के दौरे पर रहेंगे सीएम

**भोपाल, प्रसं।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 से 9 सितंबर तक चार दिवसीय दुबई दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित होने वाली एआईएम कांग्रेस-2026 में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपने दुबई प्रवास के दौरान निवेशकों और उद्योगपतियों से मुलाकात कर उन्हें आगामी

### दुबई में एआईएम कांग्रेस-2026 में शामिल होंगे

जनवरी में भोपाल में आयोजित होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करेंगे। एआईएम कांग्रेस में दुनिया के विभिन्न देशों के नेता, नीति निर्माता, निवेशक और नवप्रवर्तक एक मंच पर जुटेंगे। यह आयोजन वैश्विक निवेश के प्रमुख मंच के रूप में सतत निवेश, आर्थिक विविधीकरण, डिजिटल परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दुबई दौरे के दौरान मप्र की निवेश संभावनाओं, औद्योगिक नीतियों और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी वैश्विक निवेशकों के सामने रखेंगे। साथ ही प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण और सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं से भी अवगत कराएंगे। इस वर्ष एआईएम कांग्रेस की थीम वैश्विक समृद्धि को नया आकार देनाः एक स्थायी और समावेशी भविष्य की ओर नए निवेश मार्ग खोलना रखी गई है।

▶ मंत्रिमंडल से कई दिग्गज नेताओं की हो सकती है छुट्टी

# कैबिनेट की ओवरहॉलिंगः वैष्णव का प्रमोशन, गडकरी का बदलेगा विभाग

### बीजेपी संगठन में बदलाव के बाद अब मोदी कैबिनेट के बड़े विस्तार और फेरबदल की चर्चा हुई तेज, संभावित ओवरहॉलिंग में 16 से 17 नए चेहरों की होगी एंट्री

● नई दिल्ली



बीजेपी संगठन की नई टीम के गठन के बाद अब मोदी सरकार के कैबिनेट विस्तार और फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है। संगठन में हुए बदलावों के बाद से मंत्रिमंडल में बड़े पैमाने पर ओवरहॉलिंग की अटकलें लगाई जा रही हैं। मंत्रिमंडल से कई दिग्गजों की छुट्टी हो सकती है तो युवा और नए चेहरों को एंट्री मिल सकती है।

मोदी कैबिनेट बदलाव में 2027 के विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों के समीकरणों को ध्यान में रखा जा सकता है। मोदी सरकार के कैबिनेट विस्तार को लेकर चल रही चर्चा के अनुसार केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को प्रमोशन मिल सकता है तो नितिन गडकरी का मंत्रालय बदला जा सकता है। यही नहीं, कई पुराने और दिग्गज नेताओं की मंत्रिमंडल से छुट्टी हो सकती है तो 16 से 17 नए चेहरों को मंत्री बनाया जा सकता है। मोदी कैबिनेट विस्तार को लेकर राजनीतिक कॉरिडोर में काफी चर्चा है। मंत्रिमंडल में किसे एंट्री मिलनी है, यह बात तब पता चलती है जब पीएम मोदी चाय पर बुलाते हैं। कुछ ऐसे मंत्रालय हैं, जिनके ऊपर मंथन चल रहा है।

### नितिन गडकरी पर सबसे ज्यादा चर्चा

**सियासी** गलियारों में चर्चा है कि नितिन गडकरी की मिनिस्ट्री किसी और को दी जा सकती है। उनके पास जो मंत्रालय है, उसमें फेरबदल किया जा सकता है। आगे उनके पास इतनी हैवी मिनिस्ट्री न दिखे, जिसे लेकर चर्चा चल रही है। नीट की बात हो या ई-20 की, जिसे लेकर बहुत बखेड़ा हुआ है। ई-20 तो पेट्रोलियम मंत्रालय से जुड़ा हुआ है, फिर भी नितिन गडकरी का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। गडकरी खुद तमाम इंटरव्यू में ई-20 को लेकर बयान दे रहे थे, लेकिन जब मामला विवादों में आया तो सफाई दी। अब ई-20 को लेकर विवाद बढ़ रहा है। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है, उससे बचने के लिए सरकार कुछ फेरबदल कर सकती है। मोदी कैबिनेट विस्तार सितंबर और अक्टूबर में कभी भी हो सकता है। सितंबर में जन्माष्टमी के बाद या उससे पहले मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। बीजेपी के अंदर ऐसी चर्चा है कि 15 से 17 नए मंत्री बनाए जा सकते हैं। मोदी सरकार शाइनिंग इंडिया जैसी गलती नहीं दोहराना चाहती।

### टॉप फाइव मिनिस्ट्री के अंदर भी दिखेगा बदलाव

**कैबिनेट** विस्तार में केंद्रीय राज्यमंत्री के रूप में कई सारे नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। बीजेपी के सहयोगी दलों को भी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। मोदी कैबिनेट के टॉप फाइव मंत्रालयों में से किसी एक मिनिस्ट्री के अंदर भी बदलाव दिख सकता है। सूत्रों के अनुसार मोदी कैबिनेट में जो बढ़िया काम कर रहे हैं, उन्हें कोई और मिनिस्ट्री दी जा सकती है। अश्विनी वैष्णव का काम अच्छा रहा है, जिसके चलते उनका प्रमोशन कर टॉप फाइव मंत्रियों में लाया जा सकता है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रहलाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह बहुत बड़ी मिनिस्ट्री है, वहां पर भी बदलाव होगा। इसके अलावा कई मंत्री ऐसे हैं, जिनके पास तीन-चार मंत्रालयों का जिम्मा है। इसीलिए उनसे कुछ विभाग लेकर दूसरे मंत्रियों में बांटे जाएंगे। कैबिनेट में 14 मंत्री ऐसे हैं जिनके पास एक से ज्यादा मंत्रालय हैं। 14 बहुत बड़ा नंबर होता है और प्रावधानों के अनुसार केंद्रीय मंत्रिमंडल में अधिकतम 81 मंत्री हो सकते हैं। मोदी कैबिनेट में फिलहाल 69 मंत्री हैं, इस लिहाज से 12 मंत्री पद खाली हैं।

# रीवा-सीधी मार्ग पर हुई बस बल्कर की भिड़ंत, 5 की मौत

### बदवार स्टैंड के पास हुआ हादसा, आठ की हालत गंभीर, सीएम ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

● रीवा



रीवा-सीधी मार्ग पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गुढ़ थाना क्षेत्र के बदवार स्टैंड के समीप यात्री बस और बल्कर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना में 5 यात्रियों की मौत हो गई वहीं 16 यात्री घायल हैं। जिसमें आठ की हालत गंभीर है।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। साथ ही, घायलों को 1-1 लाख रुपए देने के निर्देश दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बारिश की वजह से सडक़ पर फिसलन ज्यादा थी। बल्कर स्पीड में था और ड्राइवर इसे कंट्रोल नहीं कर पाया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। राहत एवं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की कार्रवाई जारी है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह भी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा गुढ़ एसडीएम सुधाकर सिंह, तहसीलदार अरुण यादव सहित रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी सहित जिला पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दुर्घटना में लगभग 16 लोग घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस और अन्य वाहनों से संजय गांधी अस्पताल रीवा भर्ती कराया गया। रीवा हुजूर एसडीएम अनुराग तिवारी ने बताया कि बस में 43 लोग सवार थे। हादसे के बाद रीवा-सीधी मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी जमा हो गए। पुलिस और प्रशासन की टीमें स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी हुई हैं।

# रायसेन जेल में प्रहरी पर कैदी ने देशी कट्टे से चलाई गोली

### गोली फेफड़े के निचले हिस्से में फंसी, प्रहरी दिग्विजय को एम्स भोपाल किया गया रेफर

● रायसेन / आरएनएन



कैदी नीलेश ठाकुर | प्रहरी दिग्विजय सिंह

जिला जेल में बुधवार सुबह करीब 9 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब हत्या के मामले में बंद विचाराधीन कैदी ने जेल प्रहरी पर देसी कट्टे से फायर कर दिया।

गोली जेल प्रहरी दिग्विजय सिंह तोमर की कमर के नीचे से होते हुए पीठ के ऊपरी हिस्से में जा लगी और शरीर के अंदर फंस गई। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार और एक्स-रे के बाद एम्स भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जेल में स्कूली बच्चों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम होना था। इसी कार्यक्रम के लिए फल की टोकरी लेकर आरोपी कैदी नीलेश ठाकुर उर्फ नीलेश निर्वेदी मुख्य गेट पर पहुंचा था। आरोप है कि उसने गेट खुलवाकर भागने की कोशिश की।

### लापरवाही पर जेल अधीक्षक निलंबित

**जिला** जेल में कैदी द्वारा जेल प्रहरी दिग्विजय सिंह को कट्टे से गोली मारने की घटना के बाद जेल मुख्यालय भोपाल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार्यवाहक अधीक्षक आरके चौरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जेल मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में जेल की सुरक्षा व्यवस्था और कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही को निलंबन का आधार बताया गया है। जिला जेल में कैदी द्वारा प्रहरी को गोली मारने की घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे थे। इसके बाद जेल मुख्यालय ने कार्यवाहक अधीक्षक के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की है।

# पूर्व एयर मार्शल मिश्रा राम मंदिर के CEO

### गोविंद देव गिरी नए महासचिव बने, तीन नए सदस्य भी ट्रस्ट में शामिल

● अयोध्या



अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को लेकर निर्णय हो गया है। एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ट्रस्ट के सीईओ चुने गए हैं।

बुधवार को अयोध्या की मणिरामदास छावनी में महंत नृत्यगोपालदास की अध्यक्षता में हुई ट्रस्ट की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक में ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ ही आमंत्रित सदस्य भी मौजूद रहे। वहीं, ट्रस्ट की बैठक में नए महासचिव की भी घोषणा कर दी गई। गोविंद देव गिरी ट्रस्ट के नए महासचिव होंगे। बैठक में ट्रस्ट के तीन नए सदस्यों की भी घोषणा की गई है। नए शामिल होने वाले सदस्यों में मदन मोहन पांडेय अयोध्या के, महेश भागचंदका दिल्ली के और निर्मला यादव अयोध्या से हैं।

### 3 नए ट्रस्टी कौन हैं

- एडवोकेट मदन मोहन पांडेय राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में रामलला की ओर से कानूनी पैरवी करने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में राम जन्मभूमि से जुड़े पक्ष की दलीलों में उनकी अहम भूमिका रही।
- महेश भागचंदका दिल्ली के कारोबारी और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल के रिश्तेदार हैं। 2020 में राम मंदिर के भूमि पूजन और 22 जनवरी 2024 को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में वह मुख्य यजमान रहे थे।
- निर्मला यादव मूल रूप से एटा की रहने वाली हैं। पति हरेंद्र सिंह यादव भाजपा के सीनियर नेता रहे हैं। निर्मला फिरोजाबाद महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में भी सेवाएं दे चुकी हैं।

### कौन हैं जितेंद्र मिश्रा

**जीतेंद्र** मिश्रा ऑपरेशन सिंदूर में वेस्टर्न एयर कमांड के प्रमुख थे। उन्हें इस भूमिका के लिए सर्वोच्च युद्ध सेवा मेडल भी मिला। वे देवरिया, उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। यानी राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ की नियुक्ति में उनका यूपी कनेक्शन भी है। करीब 40 साल वायुसेना में रहे और कई महत्वपूर्ण कमांड संभाले। ऐसे में मंदिर के बढ़ते प्रशासन, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और बड़े स्तर के ऑपरेशनल कामकाज के लिए उनका सैन्य प्रशासनिक अनुभव महत्वपूर्ण माना जा सकता है। अपने लंबे और गौरवपूर्ण सैन्य करियर में उन्होंने 18 से अधिक प्रकार के विमानों पर उड़ान भरी और 3,000 घंटे से ज्यादा का उड़ान अनुभव हासिल किया। एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा भारतीय वायुसेना में कमांडिंग-इन-चीफ जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने एकीकृत रक्षा स्टाफ में उप प्रमुख (सिद्धांत, संगठन एवं प्रशिक्षण) की जिम्मेदारी भी संभाली। भारत के साथ-साथ अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिष्ठित रक्षा संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके मिश्रा को बड़े संगठनों के संचालन, नेतृत्व और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का व्यापक अनुभव है।

# खेती से रिश्ता बनाए रखो इसे छोड़ना मतः डॉ. यादव

### किसान दिवस पर ग्वालियर के बलराम जयंती महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री



● ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि खेती से रिश्ता बनाए रखना, इसे छोड़ना मत, क्योंकि इस मिट्टी में पूर्वजों का पसीना मिला है। सीएम बुधवार को ग्वालियर के मेला मैदान में किसान दिवस के रूप में आयोजित बलराम जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल, किसानों को शून्य प्रतिशत पर ब्याज देने, कृषक कवच योजना का रिमोट से शुभारंभ किया। उन्होंने मंच से गुलाब के फूल बरसाकर किसानों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र सिंह यादव ने साफा बांधकर एवं हल प्रतीक चिन्ह देकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान किया।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बलराम किसानों को स्वाबलंबन की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि खेती उन्नत, व्यापार मध्यम एवं नौकरी सबसे बाद में आती है। सीमा पर जवान और खेत में किसान के होने से ही देश सुरक्षित और समृद्ध है।

## कल कुछ देर के लिए बंद रहेगी यूपीआई सर्विस

**नई दिल्ली, आरएनएन।** अगर आप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ग्राहक हैं और यूपीआई से पैसा निकालते हैं तो बैंक की ओर से एक बड़ी जानकारी शेयर की गई है। बैंक ने बताया कि एक दिन के लिए यूपीआई सर्विस ठप रहने वाली है, जिसका मतलब है कि उस समय के दौरान आप किसी भी तरह का पेमेंट नहीं कर सकते हैं। बैंक ने कहा है कि कस्टमर्स 4 सितंबर, 2026 को कुछ देर के लिए यूपीआई की ये सर्विस यूज नहीं कर पाएंगे। यह सर्विस रखरखाव कार्य के लिए अस्थायी तौर पर रुकी रहेगी। सोशल मीडिया पर बैंक ने इसकी जानकारी दी है। एसबीआई ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि उसकी यूपीआई सेवाएं 4 सितंबर को रात 12:30 बजे से 1:15 बजे तक, कुल 45 मिनट की अवधि के लिए अस्थायी रूप से ठप रहेंगी।

नई यूनिफॉर्म | नई डिजाइन में हिमाचल की पट्टू, गुजरात की पटोला और मध्य प्रदेश की बाघ प्रिंट को शामिल किया

# एयर इंडिया की नई ड्रेस में कांजीवरम से गामोसा तक

● नई दिल्ली



एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने केबिन क्रू और फ्रंटलाइन स्टाफ के लुक में बड़ा बदलाव किया है। एयरलाइन ने नई यूनिफॉर्म लॉन्च की है, जिसे इसी महीने से पूरे नेटवर्क में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। यह यूनिफॉर्म सिर्फ स्टाइल बदलने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें देश के अलग अलग हिस्सों की पारंपरिक कला और कपड़ों को शामिल किया गया है।

नई ड्रेस केबिन क्रू के साथ एयरपोर्ट सर्विसेज, एविएशन सिक्योरिटी और फ्लाइट ऑपरेशंस टीम के कर्मचारी भी पहनेंगे। एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुताबिक, नई यूनिफॉर्म उसके बदलते ब्रांड लुक का हिस्सा है। इसका मकसद यात्रियों को एयरलाइन के हर टचपॉइंट पर एक जैसा और बेहतर अनुभव देना भी है। नई यूनिफॉर्म को एयर इंडिया एक्सप्रेस की Tales of India यानि भारत की लोककथाएं पहल से जोड़ा गया है। इस पहल के तहत एयरलाइन के विमानों की टेल आर्ट में भारत की पारंपरिक कला, संस्कृति और शिल्प को जगह दी गई है। अब यही आइडिया स्टाफ की यूनिफॉर्म में भी दिखाई देगा। यूनिफॉर्म में भारत के अलग अलग राज्यों की पारंपरिक पहचान को डिजाइन का हिस्सा बनाया गया है। इसमें तमिलनाडु की कांजीवरम, हिमाचल प्रदेश की पट्टू, गुजरात की पटोला, असम का गामोसा और मध्य प्रदेश की बाघ प्रिंट से प्रेरणा ली गई है।

### आराम का भी रखा गया ध्यान

**एयरलाइन** के मुताबिक, यूनिफॉर्म के लिए बनाना क्रेपे फेब्रिक का इस्तेमाल किया गया है। कपड़े को हल्का और टिकाऊ रखने पर ध्यान दिया गया है, ताकि लंबे समय तक ड्यूटी करने वाले स्टाफ को परेशानी न हो। एयर इंडिया समूह के मार्केटिंग, ई-कॉमर्स और लॉयल्टी प्रमुख के अनुसार फ्रंटलाइन स्टाफ यात्रियों के पूरे सफर के दौरान सबसे अहम अनुभव तैयार करता है। नई यूनिफॉर्म में उनके प्रोफेशनलिज्म, गर्मजोशी और ऊर्जा को दिखाने की कोशिश की गई है। एयरलाइन के मुताबिक, यह बदलाव सिर्फ यूनिफॉर्म तक सीमित नहीं है। यह एयर इंडिया एक्सप्रेस में पिछले कुछ वर्षों में हुए बदलाव और विमान, एयरपोर्ट और ऑनबोर्ड सर्विस में एक जैसा अनुभव देने की उसकी कोशिश का भी हिस्सा है।

### कुर्ती के साथ जैकेट और स्कार्फ का कॉम्बिनेशन

**यूनिफॉर्म** को पारंपरिक कुर्ती से प्रेरित रखा गया है, लेकिन इसका लुक मॉडर्न है। इसे जैकेट, स्कार्फ और पॉकेट स्क्वायर जैसे एलिमेंट्स के साथ जोड़ा गया है। इस तरह डिजाइन में भारतीय संस्कृति और मॉडर्न स्टाइल दोनों को साथ रखने की कोशिश की गई है। नई यूनिफॉर्म में एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक्सप्रेस ब्लू रंग को प्रमुखता दी गई है। इसके साथ एक्सप्रेस ऑरेंज को भी शामिल किया गया है। एयरलाइन के मुताबिक, इन रंगों के जरिए ब्रांड की पहचान को स्टाफ की यूनिफॉर्म और यात्रियों के अनुभव से जोड़ने की कोशिश की गई है। यूनिफॉर्म की एक खास बात यह है कि महिला केबिन क्रू, एयरपोर्ट सर्विसेज, एविएशन सिक्योरिटी और फ्लाइट ऑपरेशंस स्टाफ की यूनिफॉर्म एयर इंडिया एक्सप्रेस की डिजाइनर पूजा कृष्णन ने तैयार की है। वहीं पुरुष केबिन क्रू की यूनिफॉर्म ट्रेंट लिमिटेड के साथ मिलकर डिजाइन की गई है।

## एप्पल के नए सीईओ की 600 करोड़ सालाना सैलरी

### लंबे समय बाद हुआ बदलाव, नए सीईओ जॉन टर्नस ने पद संभाला

● नई दिल्ली / आरएनएन



एप्पल में लंबे समय बाद बड़ा बदलाव हुआ है। जॉन टर्नस ने 1 सितंबर 2026 से कंपनी के नए सीईओ का पद संभाल लिया है। यानी अब एप्पल की कमान जॉन टर्नस के हाथ में होगी। उन्होंने टिम कुक की जगह ली है। वहीं, टिम कुक अब एप्पल के बोर्ड की जिम्मेदारी संभालेंगे।

जॉन टर्नस के सीईओ बनते ही उनकी सैलरी भी चर्चा में आ गई है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के अनुसार 51 साल के टर्नस को 2027 के लिए 58 मिलियन डॉलर यानी 600 करोड़ रुपये का पैकेज मिलेगा। 2025 में, जब कुक एप्पल चला रहे थे, तब उनका कुल वेतन 74.3 मिलियन डॉलर (700 करोड़ रुपये से ज्यादा) था।

# आयुक्त यादव के औचक निरीक्षण ने खोली सफाई व्यवस्था की परतें!

## कहीं कचरे के ढेर, कहीं गंदे शौचालय... सवाल यह कि 680 सफाईकर्मी मैदान में हैं तो शहर में गंदगी क्यों?

## संवेदक को नोटिस, कचरा स्टैंड पर सख्ती; 18 वार्डों में चला विशेष सफाई अभियान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** नगर निगम में सफाई व्यवस्था को लेकर अब कागजी दावों के बजाय धरातल की हकीकत जांचने की कवायद तेज हो गई है। निगम आयुक्त यादव के वार्ड नंबर 1 और 70 के औचक निरीक्षण ने एक तरफ सफाई व्यवस्था की कुछ तस्वीरें संतोषजनक बताईं, तो दूसरी तरफ सार्वजनिक शौचालय और कचरा स्टैंड पर मिली गंदगी ने व्यवस्था पर सीधे सवाल खड़े कर दिए। औचक निरीक्षण के दौरान पातोला महादेव रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय में मुख्य गेट, स्टोर, शौचालय और पानी के टैंक में कांजी और गंदगी मिली। आयुक्त ने तत्काल संबंधित संवेदक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सवाल यह है कि जिस सफाई व्यवस्था की निगरानी नियमित रूप से होनी चाहिए, वहां गंदगी निरीक्षण के बाद ही क्यों दिखाई देती है?

**680 सफाईकर्मी फिर भी गंदगी क्यों?**

नगर निगम के 70 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 680



सफाई कर्मचारियों की टीम 18 वार्डों में सड़कों, नालियों और खाली भूखंडों की सफाई में जुटी है। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यही है—अगर 680 सफाईकर्मी मैदान में हैं तो शहर के कई हिस्सों में गंदगी और कचरे की शिकायतें क्यों सामने आ रही हैं?

क्या समस्या कर्मचारियों की कमी है, या फिर मॉनिटरिंग और जवाबदेही की कमी?



कचरा उठाने वाला ही कचरा फैला दे तो किसकी जिम्मेदारी?

लक्ष्मीपुरा कचरा स्टैंड पर नागरिकों ने शिकायत की कि ऑटो टिपर द्वारा कचरा निर्धारित जगह पर डालने के बजाय इधर-उधर फैला दिया जाता है। शिकायत मिलते ही आयुक्त खुद मौके पर पहुंचे।

उन्होंने स्वास्थ्य निरीक्षक और ऑटो टिपर सुपरवाइजर को निर्देश दिए कि कचरा सिर्फ चिन्हित स्थान पर ही खाली करवाया जाए। साथ ही कचरा स्टैंड की तत्काल सफाई के निर्देश दिए।

यह मामला एक और बड़ा सवाल खड़ा करता है—जिस व्यवस्था का काम शहर को साफ रखना है, उसी व्यवस्था की लापरवाही से कचरा सड़क पर फैल रहा है तो निगरानी तंत्र आखिर कर क्या रहा था?

मेले की व्यवस्था भी जांची

वार्ड नंबर 1 के पुर क्षेत्र में बाबा रामदेव मंदिर मेले की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। सड़कों की साइड की पटरियों की जेसीबी से सफाई कराने के निर्देश दिए गए। नालियों और खाली भूखंडों में जमा कचरे की नियमित सफाई के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

नागरिक बोले—सफाईकर्मी नियमित आते हैं

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों से सीधे फीडबैक लिया। नागरिकों ने सफाई कर्मचारियों के नियमित आने और सफाई व्यवस्था को संतोषजनक बताया। इससे साफ है कि जहां निगरानी और कर्मचारी सक्रिय हैं, वहां व्यवस्था बेहतर हो सकती है।

अब असली परीक्षा औचक निरीक्षण के बाद:-

आयुक्त के औचक निरीक्षण और कार्रवाई से निगम की सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी है, लेकिन असली परीक्षा अब शुरू होगी।

क्या नोटिस के बाद संवेदक की व्यवस्था सुधरेगी?

क्या कचरा स्टैंड दोबारा कचरे का अड्डा नहीं बनेगा?

क्या खाली भूखंडों और नालियों की नियमित सफाई होगी?

क्या 680 सफाईकर्मियों की मेहनत का असर पूरे शहर में दिखाई देगा?

और सबसे बड़ा सवाल—क्या सफाई व्यवस्था आयुक्त के निरीक्षण तक सीमित रहेगी या रोजाना मॉनिटरिंग होगी?

शहर को सिर्फ विशेष सफाई अभियान नहीं, स्थायी सफाई व्यवस्था चाहिए। निगम प्रशासन की कार्रवाई तभी सफल मानी जाएगी, जब औचक निरीक्षण खत्म होने के बाद भी सड़कें, नालियां और सार्वजनिक स्थल उसी तरह साफ नजर आएं।

## ज्ञानरूपी सूर्य एक बार उदित होकर कभी अस्त नही होता: प्रतिभा श्री जी



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** सेन्थी स्थित शांति भवन में चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान जैन सिद्धान्ताचार्य श्री प्रतिभा श्री जी म. सा. ने फरमाया कि भौतिक संसार मे प्रकाश के दो प्रतिमान होते है एक दीपक व दूसरा सूर्य। सूर्य दिपक से श्रेष्ठ है किन्तु इसमे कुछ दोष बताए गए है। सूर्य सायंकाल मे अस्त होता है बादलो से आच्छादित होता है और राहु ग्रसित होता है। लोगस मे कहा गया है आईचेसु अहिय पयासयरा। प्रातः काल मे सूर्य उदित होता है और सन्ध्याकाल मे अस्त हो जाता है किन्तु प्रभु आपका ज्ञानरूपी सूर्य एक बार उदित होकर कभी अस्त नही होता है। नभ सूर्य राहु द्वारा ग्रसीत होता है तब पृथ्वी पर दिन मे भी रात्री जैसा अंधकार छा जाता है। नभ सूर्य बादलो के आच्छादन से अदृश्य हो जाता है जैसे पे टी मे पड़ा सोना आच्छादित रहता है। सूर्य सीमित क्षेत्र मे प्रकाश देता है किन्तु हे भगवन् आप मोहकर्म ज्ञानवर्णीय कर्मो से प्रयुक्त है। आपका केवल ज्ञान रूपी सूर्य तीनो लोको मे प्रकाशित रहता है। उन्होंने बताया कि ज्योतिषशास्त्र मे राहु केतु और शनि पीड़ादायक ग्रह माने जाते है। यह ग्रह अमंगल भाव के सूचक है। इस अमंगल को हटाने के लिए धार्मिक अनुष्ठान पानी की शीतल फुहार के समान है। साध्वी दीक्षिता श्रीजी म.सा., साध्वी प्रेक्षा श्रीजी, ओर साध्वी प्रेरणा श्रीजी म.सा ने भी अपने प्रवचन से लाभान्वित किया। अनवरत नवकार मंत्र जाप की श्रृंखला मे 3 सितम्बर गुरुवार का जाप रोशनलाल चोपड़ा की तरफ से रखा गया है। श्री संघ सेन्थी ने प्रतिदिन प्रवचन एवं जाप में अधिकाधिक संख्या मे पधारकर धर्म रूपी हवन मे आहुतियां प्रज्जवलित करने का आव्हान किया।

*नाम वापसी से पहले जहाजपुर में सियासी 'सस्पेंस'! निर्दलीयों ने उलझाया चुनावी गणित*

# कल तय होगा कौन मैदान में, कौन हटेगा पीछे; नरेश मीणा-कांता देवी के निर्दलीय मैदान में रहने से भाजपा की बढ़ी चिंता

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** नगर पालिका चुनाव में नामांकन का दौर खत्म होते ही अब जहाजपुर की सियासत में असली हलचल शुरू हो गई है। कल नाम वापसी की अंतिम तारीख है और इसके साथ ही चुनावी मैदान की तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि टिकट से नाराज होकर निर्दलीय उतरे दावेदार मैदान में डटे रहते हैं या फिर राजनीतिक मान-मनुहार के बाद अपना नाम वापस लेते हैं। जहाजपुर के 25 वार्डों में कांग्रेस ने 24 वार्डों में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने भी अपने प्रत्याशियों के साथ चुनावी मैदान संभाल लिया है। लेकिन कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों की




मौजूदगी ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। खासकर भाजपा के सामने टिकट वितरण के बाद उभरी निर्दलीय चुनौती को साधना आसान नजर नहीं आ रहा।

**नरेश-कांता की एंट्री से बदले समीकरण**

इन सबके बीच सबसे ज्यादा चर्चा निवर्तमान पालिका अध्यक्ष नरेश मीणा और उनकी पत्नी कांता देवी मीणा के निर्दलीय मैदान में होने को लेकर है। दोनों अलग-अलग वार्डों से चुनावी मैदान में हैं। ऐसे में इनके चुनाव मैदान में बने रहने से भाजपा के सामने अपने प्रत्याशियों को मजबूत रखने के साथ-साथ वार्डवार समीकरण साधने की चुनौती बढ़ गई है।

**कांग्रेस से ज्यादा निर्दलीयों का 'फैक्टर' चर्चा में**

जहाजपुर के चुनावी समीकरणों में इस बार कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर के साथ निर्दलीय फैक्टर भी अहम भूमिका निभाता दिखाई दे रहा है। कुछ वार्डों में निर्दलीयों की मौजूदगी मुकाबले को त्रिकोणीय तो कुछ जगह बहुकोणीय बना सकती है। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी किस दल के वोट बैंक में सेंध लगाते हैं, इसका सीधा असर चुनाव परिणाम पर पड़ सकता है।

**आज मान-मनुहार, कल सामने आएगी असली तस्वीर**

नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज राजनीतिक गलियारों में दिनभर मान-मनुहार, समझाइश और सियासी जोड़-तोड़ की चर्चाएं चलती रहीं। दोनों प्रमुख दलों की नजर अब उन प्रत्याशियों पर है, जो टिकट नहीं मिलने या अन्य कारणों से निर्दलीय मैदान में उतर चुके हैं। कल नाम वापसी के बाद यह साफ हो जाएगा कि कौन मैदान छोड़ता है और कौन अपनी चुनौती बरकरार रखता है। इसके बाद ही हर वार्ड में मुकाबले की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी। फिलहाल जहाजपुर के चुनाव में प्रत्याशी तो सामने आ चुके हैं, लेकिन मुकाबले का असली रोमांच अभी बाकी है। कल नाम वापसी के बाद तय होगा कि चुनावी मैदान में कितने खिलाड़ी बचते हैं और किसके सामने किसकी चुनौती खड़ी रहती है। अब नजर कल पर—कौन मानेगा, कौन डटेगा और कौन बिगाड़ेगा किसका गणित?

## मांडलगढ़ पालिका चुनाव: नाम वापसी का सिलसिला शुरू, दो प्रत्याशियों ने वापस लिए पर्चे...

### वार्ड 12 से घनश्याम सोनी व वार्ड 17 से फरीदा बानो हटीं पीछे

### कल दोपहर 3 बजे तक तय होगी अंतिम चुनावी तस्वीर; सामान्य महिला अध्यक्ष सीट को लेकर राजनीतिक दलों में मान-मनौव्वल और जोड़-तोड़ तेज

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़** मांडलगढ़ नगर पालिका चुनाव 2026 में नाम वापसी का दौर शुरू हो गया है। नाम वापसी की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व बुधवार को चुनावी मैदान से दो प्रत्याशियों ने अपने पर्चे वापस उठा लिए। वार्ड नंबर 12 से घनश्याम सोनी तथा वार्ड नंबर 17 से फरीदा बानो ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपना नामांकन वापस ले लिया है। दो प्रत्याशियों के हटने के बाद अब मैदान में प्रत्याशियों की संख्या घटकर 92 रह गई है।

**सामान्य महिला अध्यक्ष पद को लेकर घमासान और सियासी समीकरण**

इस बार मांडलगढ़ नगर पालिका में अध्यक्ष की सीट सामान्य महिला (General Female) वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में पालिका बोर्ड पर अपना कब्जा जमाने के लिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय खेमों में भी अध्यक्ष पद की मजबूत दावेदार महिला प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम चल रहा है। आज वार्ड 17 से फरीदा बानो और वार्ड 12 से घनश्याम सोनी के नाम वापस लेने के बाद दोनों वार्डों में चुनावी




समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं।

**नामांकन और नाम वापसी की वर्तमान स्थिति:**

कुल प्राप्त नामांकन: 103

संवीक्षा में खारिज (सिंबल के अभाव में): 07

स्वतः निरस्त (बॉन्ड फॉर्म): 02

बुधवार को नाम वापस लिए: 02 (घनश्याम सोनी व फरीदा बानो)

मैदान में शेष वैध प्रत्याशी: 92

**कल दोपहर 3 बजे तक होगी अंतिम स्थिति स्पष्ट**

गुरुवार, 3 सितंबर को नाम वापसी का अंतिम दिन है। निर्वाचन आयोग के नियमानुसार दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और रणनीतिकार पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने डटे बागियों व निर्दलीयों को बिठाने के लिए लगातार संपर्क और मान-मनौव्वल में जुटे हैं। कल दोपहर 3 बजे के बाद ही यह तस्वीर साफ हो पाएगी कि कितने प्रत्याशी मैदान में डटे रहते हैं और किसके बीच सीधा अथवा त्रिकोणीय मुकाबला होगा। इसके तुरंत बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

## *भीलवाड़ा डेयरी में गुणवत्ता जांच को मिली नई तकनीक, जांच अब होगी और तेज*



### एफटीआईआर आधारित मिल्क एनालाइजर मशीन, एफटी 3 का शुभारंभ, दूध की जांच में आएगी तेजी और सटीकता

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** उपभोक्ताओं तक बेहतर गुणवत्ता का दूध पहुंचाने और जांच प्रक्रिया को आधुनिक बनाने की दिशा में भीलवाड़ा डेयरी ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डेयरी के गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में एफटीआईआर आधारित मिल्क एनालाइजर मशीन एफटी 3 का शुभारंभ किया गया। आधुनिक तकनीक से लैस इस मशीन के शुरू होने से डेयरी में दूध की गुणवत्ता जांच प्रक्रिया को और अधिक तेज, सटीक एवं प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। भीलवाड़ा डेयरी के प्रबंध संचालक त्रिभुवन पाटीदार ने बताया कि आधुनिक एफटीआईआर आधारित एफटी 3 मशीन की स्थापना से डेयरी में संकलित दूध की गुणवत्ता की जांच अधिक वैज्ञानिक एवं विश्वसनीय तरीके से की जा सकेगी। इसके माध्यम से कम समय में दूध के प्रमुख घटकों की जांच करते हुए दूध में मिलावट सहित अन्य गुणवत्ता संबंधी मानकों का पता लगाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि नई तकनीक से जांच प्रक्रिया में समय की बचत होने के साथ-साथ गुणवत्ता नियंत्रण को भी मजबूती मिलेगी। मशीन से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। इस अत्याधुनिक मशीन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता का दूध उपलब्ध कराना तथा डेयरी में गुणवत्ता जांच व्यवस्था को अधिक मजबूत एवं आधुनिक बनाना है। कार्यक्रम के दौरान डेयरी के विभिन्न विभागों एवं प्रयोगशाला कर्मियों की उपस्थिति रही।

लंबे समय से खस्ताहाल सड़क, गहरे खड्डों से ग्रामीण परेशान

# नालियों की सफाई नहीं होने से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, स्कूली बच्चों व राहगीरों को भी परेशानी

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा ।** क्षेत्र के खामोर गांव के माणक चौक से राज्यास रोड स्थित बालाजी मंदिर तक जाने वाली मुख्य सड़क लंबे समय से बदहाली का शिकार है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े खड्डे हो गए हैं और नुकीले पत्थर बाहर निकल आए हैं। खस्ताहाल सड़क के कारण ग्रामीण,आमजन और राहगीर परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रशासन की ओर से समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।ग्रामीण ओमप्रकाश ने बताया कि मुख्य बाजार की सड़क लंबे समय से टूटी हुई है। जगह-जगह बड़े-बड़े खड्डे होने के कारण आए दिन बच्चे और बुजुर्ग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि,कई बार पंचायत प्रशासन को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी मुख्य मार्ग पर दो निजी विद्यालय संचालित हैं। छोटे-छोटे बच्चे रोजाना इसी



रास्ते से होकर स्कूल आते-जाते हैं। सड़क पर बने गहरे खड्डों, नुकीले पत्थरों और कीचड़ के कारण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार बच्चे रास्ते में फिसलकर गिर चुके हैं और चोटिल भी हुए हैं।सड़क की बदहाली के साथ नालियों की सफाई नहीं होने से समस्या और गंभीर हो गई है। नालियों में गंदगी जमा होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। कई जगह कीचड़ जमा होने से राहगीरों को निकलने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की ओर से न तो समय पर नालियों की सफाई करवाई जा रही है और न ही सड़क की मरम्मत को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है।ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव का प्रमुख मार्ग है और इसी रास्ते पर चारभुजा मंदिर स्थित है। आगामी 4 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस दौरान रात में बड़ी संख्या में ग्रामीण महोत्सव में शामिल होने मंदिर पहुंचेंगे। ऐसे में सड़क पर बने बड़े-बड़े खड्डे और कीचड़ श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं।वहीं 21 सितंबर को तेजाजी महाराज का मेला भी नजदीक है और गांव में बिंदोरी निकलने का सिलसिला शुरू हो चुका है। श्रद्धालुओं को इसी बदहाल रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना चप्पल-जूतों के निकलने वाले भक्तों को सड़क पर पड़े नुकीले पत्थरों और कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है। लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने और नालियों की सफाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जन्माष्टमी और तेजाजी मेले को देखते हुए तत्काल सड़क के खड्डों की मरम्मत करवाई जाए तथा नालियों की सफाई कर पानी की निकासी सुचारु की जाए, ताकि ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को परेशानी से राहत मिल सके।मामले की जानकारी लेने के लिए ग्राम विकास अधिकारी कालूराम कुमावत से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## कोशीथल व पनौतिया जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष (छात्र वर्ग) कबड्डी में विजेता



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर /** खेल को खेल के भावना से खेल कर आगे बढ़ें, खेल के बिना सब कुछ अधूरा है।उक्त विचार 70 वें जिला स्तरीय तीन दिवसीय 17 वर्ष व 19 वर्ष कबड्डी (छात्र वर्ग )प्रतियोगिता रा0 उ0 मा0 वि0,सालेरा में समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजेंद्र त्रिवेदी ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों के समक्ष व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर लाल जाट ने की। विशिष्ट अतिथि बद्रीलाल जाट प्रकाश चौधरी, विष्णु सुवालक ।, अनवर पठान सहित अन्यथे। 17 वर्षीय कबड्डी विजेता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोशीथल, उपविजेता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांदशा (खालसा), 19 वर्षीय विजेता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पनोतिया, उपविजेता राजकीय उच्चमाध्यमिक विद्यालय नांदशा (जागीर) रहे जिनको अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। खजुरिया श्याम सेवा समिति सहित ग्रामवासियों एवं भामाशाहों का अतिथियों व प्रधानाचार्य गोवर्धन लाल बैरवा द्वारा अभिनंदन किया गया। विभागीय प्रतिवेदन व आभार नवरतनमल सेन ने किया।

# बिजली कर्मचारियों के सम्मान पर BMS का 'आर-पार' का रुख

### *8 सितंबर को उपखंड कार्यालयों पर ज्ञापन, अधीक्षण अभियंता की कथित टिप्पणी से कर्मचारियों में रोष*

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ (BMS) ने कर्मचारी हितों और सम्मान को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संगठन की वर्चुअल बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं, सुरक्षा और कथित अभद्र व्यवहार के मुद्दों पर मंथन के बाद 8 सितंबर को जिले के सभी उपखंड कार्यालयों पर ऊर्जा शासन सचिव के नाम शांतिपूर्ण ज्ञापन देने का फैसला किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमनालाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राठौड़ ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता, भीलवाड़ा द्वारा तकनीकी कर्मचारियों के प्रति की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीखा आक्रोश जताया। संगठन ने कहा कि बिजली कर्मचारी दिन-रात जोखिम उठाकर विद्युत व्यवस्था संभालते हैं, ऐसे में उनके सम्मान और स्वाभिमान से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। बैठक में लंबे समय से जिले में कार्यरत ओ.पी. कठोड़ के कार्यकाल के दौरान हुई विद्युत दुर्घटनाओं और सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं होने को लेकर भी अधीक्षण अभियंता की कार्यशैली पर असंतोष जताया गया और उचित कार्रवाई की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। श्रमिक नेता जुम्मा कटात ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के कारण फिलहाल धरना-प्रदर्शन स्थगित है। संगठन पहले चरण में लोकतांत्रिक तरीके से ज्ञापन देकर अपनी आवाज सरकार और विभाग तक पहुंचाएगा।

BMS ने साफ कर दिया—कर्मचारियों के सम्मान, अधिकार और सुरक्षा के सवाल पर संगठन पीछे हटने वाला नहीं है। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संकल्प लिया और 'भारत माता की जय' के नारों से माहौल गूंज उठा।

# कांग्रेस के 17 प्रत्याशी चुनाव से बाहर, सिंबल प्रकरण ने बढ़ाया सियासी घमासान, खड़गे से जांच की मांग

**नामांकन के अंतिम दिन अधिकृत सिंबल समय पर नहीं पहुंचने का आरोप, पीसीसी सदस्य मनोज ने डोटासरा और स्थानीय जिम्मेदारों पर उठाए सवाल**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के 17प्रत्याशियों के चुनावी मैदान से बाहर होने का मामला अब पार्टी के भीतर ही बड़े विवाद का रूप लेता जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन

कांग्रेस प्रत्याशियों के अधिकृत सिंबल समय पर निर्वाचन अधिकारियों तक नहीं पहुंचने के आरोपों ने संगठन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीसीसी सदस्य मनोज ने पूरे घटनाक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय बताते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार महेश सोनी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। पीसीसी सदस्य मनोज ने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।



**सिंबल भेजने की व्यवस्था पर उठे सवाल**

मनोज का आरोप है कि नामांकन की अंतिम समय-सीमा के दौरान कांग्रेस के 17 प्रत्याशियों के सिंबल संबंधित निर्वाचन अधिकारियों तक समय पर नहीं पहुंच पाए। इसके चलते कई प्रत्याशी चुनावी प्रक्रिया से ही बाहर हो गए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पार्टी की ओर से सिंबल समय पर भेज दिए गए थे तो वे निर्वाचन अधिकारियों तक क्यों नहीं पहुंचे और यदि भेजने में देरी हुई तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? उन्होंने कहा कि इसे महज तकनीकी चूक बताकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रत्याशियों ने चुनाव की तैयारी में समय और संसाधन लगाए थे तथा पार्टी से अधिकृत होने के बाद उन्हें चुनाव लड़ने का पूरा भरोसा था। ऐसे में अंतिम समय में नामांकन प्रक्रिया से बाहर होना गंभीर संगठनात्मक मामला है।

**डोटासरा पर भेदभाव के आरोप**

मनोज ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव किए जाने का आरोप भी लगाया। उनका कहना है कि यदि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी संगठनात्मक स्तर की चूक के कारण चुनाव नहीं लड़ पाए हैं तो पूरे मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की तैयारी कर रहे कार्यकर्ताओं को टिकट मिलने के बाद मैदान में उतरने का अवसर मिलना चाहिए था, लेकिन नामांकन प्रक्रिया में ही उनके बाहर हो जाने से कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा होना स्वाभाविक है।

**राष्ट्रीय नेतृत्व तक मामला ले जाने की तैयारी**

मनोज ने कहा कि वे इस पूरे प्रकरण को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने की मांग करने की बात कही है। उनका कहना है कि प्रदेश और स्थानीय स्तर पर पूरे घटनाक्रम की जांच होनी चाहिए तथा यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि 17 प्रत्याशियों के सिंबल आखिर समय पर निर्वाचन अधिकारियों तक क्यों नहीं पहुंच सके।

**70 वार्डों की प्रक्रिया की भी जांच की मांग**

मनोज ने नगर निगम के सभी 70 वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन और नामांकन से जुड़ी पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच से यह सामने आना चाहिए कि सिंबल भेजने की व्यवस्था में कहां चूक हुई, किस स्तर पर लापरवाही हुई और इसकी जिम्मेदारी किसकी थी। उन्होंने दोहराया कि पार्टी के लिए वर्षों से मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं मिल पाना गंभीर विषय है। ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कर्मी की मां की कानपुर में हत्या समेत लाखों की लूट



स्मार्ट हलचल

**सुनील बाजपेई कानपुर।** यहां कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता के बाद भीअपराधी वारदातों को अनजान देने में लगातार सफल हो रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में तैनात एक कर्मचारी की मां की हत्या करने के साथ ही लाखों का माल भी लूट ले गए। अब पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। यह घटना रावतपुर थाना क्षेत्र के केशवपुरम में हुई। पुलिस की छानबीन के दौरान यह खुलासा हुआ है कि बदमाशों को घर की पूरी जानकारी थी। लुटेरों ने चाबी से अलमारी खोली और सिर्फ बड़े बेटे अमरीष की अलमारी को निशाना बनाया, जबकि छोटे बेटे की अलमारी को छुआ तक नहीं। लॉकर को किसी नुकीली चीज से तोड़ा गया था। लूट के आरोपियों को घर की पूरी जानकारी थी। उन्हें पता था कि गहने और नकदी कहां रखी हुई है। यहां तक की उन्हें बड़े बेटे की अलमारी की चाभी की जानकारी भी थी। घटना के बाद उमा के पति शिवमंगल जैसे ही घर पहुंचे। उन्हें बड़े बेटे अमरीष की ही अलमारी टूटी हुई मिली, जबकि छोटे बेटे आशीष की अलमारी को लुटेरों ने छुआ भी नहीं था। शिवमंगल के मुताबिक अलमारी में बड़े बेटे की पत्नी नेहा और उमा के जेवर थे। अलमारी की चाबी घर में एक सुरक्षित स्थान पर रखी जाती है। अलमारी चाबी से खोली गई है, लेकिन जेवर वाले लॉकर को किसी नुकीली चीज से तोड़ा है। अमरीष पिछले नौ साल से पत्नी नेहा के साथ मसवानपुर स्थित दूसरे मकान में रह रहा है। उसी में नीचे बनी मार्केट की एक दुकान में पिता पुत्र बुक स्टॉल चला रहे हैं। अमरीष का तीन माह पहले अपनी पत्नी नेहा से महीने के खर्च को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद नेहा दोनों बच्चों को लेकर गोविंदनगर स्थित मायके चली गई। बताया गया कि जब वारदात हुई, तो अमरीष ने फोन कर नेहा को भी बुला लिया। नेहा का एक बेटा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में कर्मचारियों के रूप में नियुक्त बताया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना की गहन छानबीन करने के साथ ही लुटेरों का पता लगाया जा रहा है।

सीसीटीवी की मदद से ट्रेन में चोरी का खुलासा, दो आरोपी पकड़े

## आरपीएफ ने 1.15 लाख रुपये के आभूषण, स्मार्ट वॉच एवं अन्य सामान किया बरामद

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा मंडल में 'मिशन यात्री सुरक्षा' के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने सवाई माधोपुर स्टेशन पर ट्रेन में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो किशोर आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 15 हजार रुपये मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 22942 उधमपुर-इंदौर एक्सप्रेस के एच-1 कोच से एक महिला यात्री का गुलाबी रंग का पर्स चोरी होने की शिकायत रेल मदद के माध्यम से प्राप्त हुई थी। पर्स में तीन स्मार्ट वॉच, एक महिला कलाई घड़ी, एक हीरे की अंगूठी, एटीएम कार्ड, मेट्रो कार्ड सहित अन्य सामान था। शिकायत मिलते ही आरपीएफ सवाई माधोपुर की विशेष टीम ने स्टेशन एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग का गहन विश्लेषण किया। प्राप्त सुरागों के आधार पर टीम ने दो



संदिग्ध किशोरों को पकड़कर उनके कब्जे से चोरी हुआ पर्स और उसमें रखा सामान बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों ने स्वयं को दिल्ली के बवाना क्षेत्र में रहने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़ा होना बताया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह गिरोह विभिन्न राज्यों में रेलवे स्टेशनों के आसपास ठहरकर रात्रिकालीन ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। दोनों किशोरों एवं बरामद संपत्ति को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए राजकीय रेलवे पुलिस, सवाई माधोपुर को सौंप दिया गया। प्रकरण जीआरपी सवाई माधोपुर, भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(सी) के अंतर्गत दर्ज है। इस कार्रवाई में आरपीएफ सवाई माधोपुर के प्रभारी निरीक्षक मानसिंह, उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान आरक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक गौरव कुमार तथा आरपीएफ कोटा पोस्ट के उप निरीक्षक सुमित रघुवंशी एवं आरक्षक सीताराम की सराहनीय भूमिका रही।

## टेक्सटाइल उद्योग की नई उड़ान की तैयारी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मिला लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधिमंडल

*1 अक्टूबर के टेक्सटाइल कॉन्क्लेव का दिया निमंत्रण, एमएसएमई, निर्यात, ग्रीन एनर्जी और नई टेक्सटाइल पॉलिसी पर हुई अहम चर्चा*

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/नई दिल्ली ।** भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, टेक्सटाइल एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में लघु उद्योग भारती ने महत्वपूर्ण पहल की है। संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात कर आगामी 1 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाले टेक्सटाइल कॉन्क्लेव के लिए उन्हें सादर आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल और केंद्रीय वस्त्र मंत्री के बीच भारतीय टेक्सटाइल उद्योग के विकास, एमएसएमई सेक्टर की मजबूती तथा वैश्विक बाजार में भारतीय टेक्सटाइल उत्पादों की पहुंच बढ़ाने को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। बैठक में टेक्सटाइल सेक्टर में सस्टेनेबिलिटी, ग्रीन एनर्जी के उपयोग, फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के माध्यम से भारतीय उद्योगों के लिए उपलब्ध अवसरों तथा डैडम् इकाइयों को अधिक से अधिक निर्यात से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने टेक्सटाइल एमएसएमई के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं एवं नीतियों का लाभ छोटे और मध्यम उद्यमों तक प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सह-महासचिव नरेश पारीक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव भाई प्रजापति, टेक्सटाइल उत्पाद समूह के अध्यक्ष महेश हुरकट, टेक्सटाइल सह-समन्वयक कपिल गुप्ता, सह-समन्वयक पल्लवी



लढा, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर भाई पटेल, दीपक शर्मा, भीम राणा, दीपक सिंघल और दीपक गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। केंद्रीय वस्त्र मंत्री से मुलाकात के पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने टेक्सटाइल सचिव श्रीमती आरती कंवर के साथ आगामी टेक्सटाइल पॉलिसी को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा की। टेक्सटाइल सचिव ने बताया कि आगामी योजनाओं में सीजीटीएमएसई जैसी क्रेडिट सपोर्ट व्यवस्था को टेक्सटाइल सेक्टर की योजनाओं से जोड़ने की दिशा में आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे। साथ ही भारतीय टेक्सटाइल उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए भी टेक्सटाइल मंत्रालय की योजनाओं में आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सोलर पैनल और ग्रीन एनर्जी से संबंधित आवश्यक वित्तीय सहायता एवं प्रोत्साहन के प्रावधानों पर भी विचार किया जा रहा है। इससे टेक्सटाइल उद्योग की ऊर्जा लागत कम होने के साथ ही सस्टेनेबल एवं ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह मुलाकात टेक्सटाइल एमएसएमई की समस्याओं, संभावनाओं और भविष्य की दिशा को नीति-निर्माताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## जमीन विवाद में महिला पर ट्रैक्टर चढ़ा कर हत्या की, पति-पत्नी को उम्रकैद

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर /** बिकराई मेंलालीदेवी की हत्या केमामले में एडीजे कोर्ट गंगापुर का फैसला एडीजे कोर्ट गंगापुर ने जमीन विवाद को लेकर



गंगापुर थाना क्षेत्र के बिकराई गांव में महिला पर ट्रैक्टर चढ़ाकर बेरहमी से हत्या करने के मामले में फैसला सुनाया है। पीठासीन अधिकारी अनिता टेलर ने आरोपी राजू उर्फ राजकुमार सुवालका और उसकी पत्नी रामूदेवी को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 65 हजार रुपए के जुमनि की सजा सुनाई है।प्रकरण के अनुसार बिकराई गांव में 9 जुलाई 2024 को बिकराई निवासी पिंटू पुत्र रामप्रसाद सुवालका ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी मां लालीदेवी सुवालका अपने सिजारे (बंटाई) वाले खेत पर काम कर रही थी। इस दौरान जमीन पर जबरन कब्जे की नीयत से आरोपी पक्ष वहां पहुंचा। विवाद बढ़ने पर आरोपी राजू उर्फ राजकुमार पुत्र मिठूलाल सुवालका ने लाली देवी पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इस दौरान वहां मौजूद राजू की पत्नी रामूदेवी भी लठ से मारपीट करने के साथ लालीदेवी को पकड़ा। आरोपियों ने लालीदेवी को ट्रैक्टर के कल्टीवेटर में फंसाकर कई फीट तक घसीटा और उसके शरीर के ऊपर से ट्रैक्टर निकाला, जिससे उसकी पसलियां टूट गईं और फेफड़े फट जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक दिनेशचंद्र बापना ने करते हुए कोर्ट में मामले को साबित करने के लिए 22 गवाहों के बयान दर्ज करवाए गए तथा 37 दस्तावेजी साक्ष्य प्रदर्शित किए। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मिली सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। विभिन्न धाराओं में पति-पत्नी दोनों को 65-65 हजार रुपए का अर्थदंड भी दिया। मृतका लाली देवी की ओर से पैरवी उनके भाई एडवोकेट पुष्पेंद्र सुवालका ने की।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर पार्किंग स्थल में बैठकर भोजन करने के वायरल वीडियो पर प्रकरण दर्ज

स्मार्ट हलचल


**महेन्द्र धाकड़ जिला ब्यूरो बेगूं।** पुलिस थाना बेगूं क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल में परिवार सहित बैठकर भोजन करने एवं हाईवे पर यातायात व्यवस्था को प्रभावित करते हुए स्वयं एवं अन्य राहगीरों की सुरक्षा को खतरे में डालने के मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस थाना बेगूं थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर आरोली टोल से मेनाल एवं लाडपुरा तक है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेनाल से लाडपुरा की ओर करीब 2 किलोमीटर दूरी पर हाईवे के दोनों तरफ भारी वाहनों के रुकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 12 अगस्त 2026 को हरियाली अमावस्या के अवसर पर उक्त हाईवे पर वाहनों का आवागमन अत्यधिक था। इसी दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा उक्त पार्किंग स्थल पर परिवार सहित बैठकर भोजन किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस द्वारा जानकारी जुटाने पर सामने आया कि शिव माहेश्वरी, निवासी शास्त्री नगर, चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने परिवार सहित हाईवे के पास बनाए गए उक्त पार्किंग स्थल पर वाहन रोककर परिवार के साथ बैठकर भोजन किया गया। उक्त स्थान का निर्माण मुख्य रूप से वाहनों के सुरक्षित ठहराव एवं पार्किंग के लिए किया गया है। अत्यधिक यातायात वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप इस प्रकार बैठकर भोजन करने से स्वयं, परिजनों तथा हाईवे से गुजरने वाले अन्य राहगीरों के जीवन को खतरे में डालने की स्थिति उत्पन्न होना पाया जाने से पुलिस थाना बेगूं द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है तथा मामले में नियमानुसार अग्रिम अनुसंधान एवं आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## नामांकन छंटे तो बदली चुनावी तस्वीर : 960 पर्चे खारिज, 1,532 प्रत्याशी मैदान में

**भीलवाड़ा में अब टिकट से ज्यादा चुनौती बागियों को साधने की; 70 वार्डों में मुकाबला दिलचस्प**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा /** नगर निकाय चुनाव में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। नामांकन पत्रों की जांच और खारिज होने के बाद भीलवाड़ा जिले की 11 नगरीय निकायों में 1,532 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। कुल 2,592 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे, जिनमें से 960 पर्चे खारिज कर दिए गए। इसके बाद 1,632 नामांकन पत्र वैध पाए गए, जिनसे 1,532 प्रत्याशी वैध रूप से मैदान में हैं। सबसे बड़ा राजनीतिक रण भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डों में दिखाई दे रहा है। यहां कुल 717 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें से 315 खारिज हुए और 362 प्रत्याशी अंतिम रूप से मैदान में बचे हैं। यानी निगम चुनाव में हर वार्ड का समीकरण अब टिकट की घोषणा से निकलकर सीधे व्यक्तिगत पकड़, संगठन की ताकत और बागियों के प्रभाव पर आ गया है।





कहां कितने प्रत्याशी मैदान में?

| निकाय | अंतिम प्रत्याशी:- |
|---|---|
| आसिंद | 108 |
| बनेड़ा | 84 |
| भीलवाड़ा नगर निगम | 362 |
| बिजोलिया | 144 |
| बिगोद | 107 |
| गंगापुर | 98 |
| गुलाबपुरा | 160 |
| हमीरगढ़ | 106 |
| जहाजपुर | 131 |
| मांडलगढ़ | 94 |
| शाहपुरा | 138 |
| कुल | 1,532 |

राजनीतिक दलों के लिए असली परीक्षा अब शुरू:-

नामांकन खारिज होने के बाद चुनावी मैदान छोटा जरूर हुआ है, लेकिन राजनीतिक चुनौती और बड़ी हो गई है। टिकट की दौड़ में पीछे रह गए दावेदारों और निर्दलीय मैदान में उतरे नेताओं का रुख अब भाजपा-कांग्रेस दोनों के अधिकृत प्रत्याशियों का गणित बिगाड़ सकता है। राजस्थान के निकाय चुनावों में अंतिम समय पर बड़ी संख्या में बागियों के नामांकन करने की खबरें भी सामने आई हैं। खासकर भीलवाड़ा नगर निगम में 70 वार्ड होने के कारण एक-एक बागी प्रत्याशी कई वार्डों में समीकरण बदलने की स्थिति में है। कांग्रेस के 17 प्रत्याशियों को सिंबल नहीं मिलने का विवाद भी पहले ही चुनावी माहौल को गरमा चुका है।

अब नेताओं के सामने तीन बड़े सवाल:-

क्या पार्टी का टिकट ही जीत की गारंटी है?

क्या नाराज दावेदार पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में लौटेंगे या भीतरघात करेंगे?

क्या संगठन निर्दलीय मैदान में उतरे अपने ही नेताओं को आखिरी समय में मना पाएगा?

यही सवाल अब भाजपा और कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। नामांकन खारिज होने से कागजों पर उम्मीदवारों की संख्या घट गई है, लेकिन राजनीतिक मुकाबला और ज्यादा पेचीदा हो गया है।

भीलवाड़ा नगर निगम में 362 प्रत्याशियों का मैदान इस बात का संकेत है कि चुनाव सिर्फ पार्टी बनाम पार्टी नहीं रहने वाला–कई वार्डों में मुकाबला पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी बनाम अपने ही नाराज दावेदार के बीच भी दिखाई दे सकता है।

अब 9 और 11 सितंबर को जनता तय करेगी कि संगठन की ताकत भारी पड़ती है या स्थानीय चेहरे और बगावत का असर।

## धरणीधर जयंती पर धाकड़ समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा बेगूं

स्मार्ट हलचल

**बेगूं।** धाकड़ समाज के आराध्य भगवान श्री धरणीधर का जन्मोत्सव धाकड़ समाज द्वारा बुधवार को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा एवं प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा सुबह 11 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर से वाहन रैली के रूप में प्रारंभ हुई। रैली बेगूं नगर के मुख्य मार्गों एवं विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान पूरा बेगूं नगर भगवान श्री धरणीधर के जयकारों से भक्तिमय नजर आया। शोभायात्रा में महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उत्साह के साथ शामिल हुए। डीजे की धुन पर महिला और पुरुष थिरकते नजर आए। शोभायात्रा का जगह जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा,आतिशबाजी कर स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा के दौरान समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। भगवान श्री धरणीधर के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं समाजजनों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।



## बिजोलिया स्कूल की कबड्डी टीम बनी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता की फाइनल विजेता



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ /** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजोलिया की कबड्डी टीम ने खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार विजय हासिल की है। 17वीं ब्लॉक स्तरीय क्षेत्रीय कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता की फाइनल ट्रॉफी अपने नाम की।

**कड़ी मेहनत और टीम भावना की जीत**

प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, कड़े अनुशासन और अदम्य खेल भावना का परिचय दिया। शुरुआती मैचों से ही टीम ने दबदबा बनाए रखा और फाइनल मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी टीम को मात देकर खिताब जीता।

**प्रधानाचार्य ने दी शुभकामनाएं** विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पूरी विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय और गर्व का विषय है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह खेल क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों और स्थानीय ग्रामीणों ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## ब्यावर निकाय चुनाव: 344 में से 14 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया

*भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में निर्दलीयों की मान-मनुहार, विधायक रावत के प्रयास रंग लाए...*

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर निकाय चुनाव-2026 के तहत ब्यावर नगर परिषद के चुनावी मैदान में उतरे 344 उम्मीदवारों में से 14 उम्मीदवारों ने बुधवार को अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। नाम वापस लेने वाले सभी उम्मीदवार ऐसे दस वार्डों से हैं, जहां उन्होंने पार्टी से





बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था। बताया गया कि ब्यावर विधायक शंकरसिंह रावत ने बुधवार को निर्दलीय उम्मीदवारों से मान-मनुहार कर उन्हें समझाया और पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में नामांकन वापस लेने के लिए सहमत किया। विधायक के अथक प्रयासों के बाद कई बागी उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लेकर अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन का निर्णय लिया। रिटर्निंग ऑफिसर जयपाल सिंह के अनुसार वार्ड संख्या 4 से ईश्वरसिंह व राजेन्द्र कुमार शर्मा, वार्ड संख्या 8 से रिहाना बानो, वार्ड संख्या 10 से पुखराज काठात व मोहम्मद इकबाल, वार्ड संख्या 12 से हरिसिंह, वार्ड संख्या 15 से मंजूदेवी, वार्ड संख्या 26 से डॉ. अर्पित छाजेड़, संजय नाहर व मनीष भंसाली, वार्ड संख्या 27 से सुमन झंवर, वार्ड संख्या 35 से नारायण सिंह, वार्ड संख्या 44 से जगदीश प्रसाद जांगिड़ तथा वार्ड संख्या 58 से कैलाश चन्द जैन ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। नामांकन वापसी के बाद अब चुनावी मुकाबले की तस्वीर काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। खासकर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने खड़े हुए बागी उम्मीदवारों के मैदान से हटने से पार्टी को कई वार्डों में राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं नाम वापसी के बाद विभिन्न वार्डों में शेष प्रत्याशियों के बीच चुनावी मुकाबला और अधिक रोचक हो गया है।

# वार्ड 52 में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज बाफना ने झोंकी ताकत,



### जगह-जगह किया जनसंपर्क

### चुनावी कार्यालय का उद्घाटन, पारस पंच सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया समर्थन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 52 में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज बाफना ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। बुधवार को बाफना ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से मुलाकात की और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने वार्ड की समस्याओं को सुना तथा क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं बताईं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रत्याशी पारस पंच, ईशिका जैन, अशोक रांका, मोहित जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी के समर्थन में एकजुट होकर चुनाव प्रचार को गति देने का आह्वान किया। बाफना ने कहा कि वार्ड के विकास, मूलभूत सुविधाओं और आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगा। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने भी प्रत्याशी का स्वागत करते हुए समर्थन का भरोसा दिलाया।

# मन के सदुपयोग से मिलती है सदति, अहंकार-ममकार छोड़ मैत्री भाव अपनाएं



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** श्री जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ, ब्यावर के बरेली भवन में चल रहे चातुर्मास प्रवचन में प. पू. साध्वी शीलाजंना श्रीजी ने कहा कि 'संसरति इति संसार ', अर्थात जो पल-प्रतिपल सरकता रहता है, वही संसार है। उन्होंने कहा कि सद्गति केवल अच्छे कर्मों से नहीं, बल्कि अच्छे विचारों से होती है। साधु भगवंत आहार में स्वाद और आसक्ति से बचने के लिए संयोजना का दोष लगाए बिना आहार ग्रहण करते हैं। साधु को कभी घी-घणा, कभी मुट्ठी चना और कभी उसकी भी मना जैसा आहार मिलता है। साध्वीश्री ने संगम और मम्मण के प्रसंग के माध्यम से बताया कि दोनों ने सुपात्रदान किया, लेकिन निवृत्ति काल में संगम अनुमोदना करते-करते सद्गति को प्राप्त कर शालीमद्र बना, जबकि मम्मण दान के बाद पश्चाताप करते-करते सातवीं नरक में चला गया। उन्होंने कहा कि प्रवृत्ति के साथ निवृत्ति काल को भी संभालना जरूरी है। शुभ कार्यों की अनुमोदना से मन धर्म में टिका रहता है और वैराग्य की भावना जागृत होती है। वहीं प. पू. कल्पलता श्रीजी ने धर्मबिंदु ग्रंथ का विवेचन करते हुए कहा कि मन ही सद्गति और दुर्गति का कारण है। मनुष्य मन का सदुपयोग कम और दुरुपयोग अधिक करता है। उन्होंने कहा कि यदि बचपन में धर्म किया है तो पचपन की उम्र में भी वह याद आएगा। मन में अहंकार, ममकार और तिरस्कार के भाव रखकर सच्चा धर्म संभव नहीं है। मैत्री, प्रमोद और कारुण्य के भावों से किया गया धर्म ही आत्मा का स्पर्श कराता है।

### लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

# पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ नगर परिषद चुनावों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और नियम-कायदों की खुलेआम अनदेखी किए जाने के गंभीर आरोपों को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि R.O. राज लक्ष्मी गहलोत द्वारा वार्ड नंबर 34 से संबंधित आपत्ति पर उपलब्ध तथ्यों एवं 7 वर्ष की सजा से जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य मौजूद होने के बावजूद आपत्ति को स्वीकार नहीं किया गया। कांग्रेस ने इसे निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ गंभीर खिलवाड़ बताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रशासन सरकार के इशारे पर काम कर रहा है और निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्षता के बजाय राजनीतिक दबाव को प्राथमिकता दी जा रही है। वार्डों में आचार संहिता के खुले उल्लंघन की शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने को लेकर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ तीखा आक्रोश जताया। पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के मत का सम्मान सर्वोच्च होना चाहिए। यदि किसी प्रत्याशी के संबंध में गंभीर आपत्ति और उसके समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध हैं, तो उसकी निष्पक्ष जांच किए बिना आपत्ति को खारिज करना पूरी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी भी कीमत पर लोकतांत्रिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता दबने या डरने वाले नहीं हैं। सत्ता के दबाव में लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया गया तो कांग्रेस सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक पुरजोर संघर्ष करेगी। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि वार्डों में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे निष्पक्ष चुनाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस ने जिला प्रशासन से मांग की कि सभी शिकायतों एवं आपत्तियों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या पक्षपात की गुंजाइश नहीं छोड़ी जाए। इस दौरान चित्तौड़गढ़ नगर परिषद क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रातः 10:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# वीएमओयू ने प्रवेश की तिथी 10 सितम्बर तक बढाई




स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा) ।** शाहपुरा। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा जुलाई 2026 हेतु प्रवेश आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर 2026 तक बढा दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए अध्ययन केन्द्र श्री प्र.सिं.बा. राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा (भीलवाड़ा) के मुख्य समन्वय डॉ.पुष्करराज मीणा द्वारा बताया गया कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में विभिन्न एम.ए. (स्नातकोत्तर) बी.ए./बी.एससी.( स्नातक) व डिप्लोमा तथा प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों में जुलाई 2026 सत् में आनलाईन प्रवेश प्रक्रिया चालू है। उक्त कार्यक्रमों में ऑन लाईन प्रवेश हेतु विद्यार्थी अपनी एबीसी आई0डी0 के माध्यम से निर्मित डेब आई0डी0 से आवेदन कर सकते है। आवेदन से पूर्व विद्यार्थी ध्यानपूर्वक अपनी डेब आई0डी0 में उल्लेखित अपने नाम, पिता, माता का नाम जन्म तिथी, मोबाईल नम्बर एवं ईमेल आई डी की जॉच अपनी सैकेण्ड्री, सी0सैकेण्ड्री, स्नातक,स्नात्कोत्तर एवं धारित अन्य अंकतालिकाओं से कर लेवे। उल्लेखनीय है कि यह विश्वविद्यालय राज्य सरकार का एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसमें महिलाओं को राज्य सरकार की दूरस्थ बालिका शिक्षा योजना के द्वारा शुल्क का पुर्नभरण किया जाता है, साथ ही सभी प्रवेशरत् छात्रों को पाठ्य सामग्री का आनलाईन विकल्प भरने पर शुल्क में 15 प्रतिशतः की छूट प्रदान की जा रही है एवं अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा शुल्क के पुर्नभरण का भी प्रावधान है। नियमित विद्यार्थी द्वारा विश्वविद्यालय से एक ही सत् में नियमित के साथ दो डिग्री अथवा डिप्लोमा व प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जा सकता है। समन्वयक प्रो. मूलचन्द खटीक ने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम बीए, बीजे, बीएलआईएस एवं बीएससी तथा स्नातकोत्तर में अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान,पुलिस प्रशासन, हिन्दी, इतिहास, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षा, राजस्थानी, समाजशास्त्र, भूगोल शामिल हैं। इसके अलावा एमकॉम, एमबीए, एमएससी गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान में भी पीजी कर सकते हैं । साथ ही योगा, मास कम्युनिकेशन, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, संस्कृत एवं पर्यटन, जलग्रहण प्रबंध, कम्प्यूटर अकाउंटिंग एवं मैनेजमेंट में डिप्लोमा, व फलित ज्योतिष, महात्मा गाँधी नरेगा में सर्टिफिकेट के पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। गांव एवं तहसील स्तर के छात्रों रोजगार प्राप्त व्यक्ति कम पढ़े लिखे व्यक्तियों के लिए पंचायतीराज प्रोजेक्ट नरेगा मेट एवं सामाजिक समस्याओं संबंधी महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम का अध्ययन विद्यार्थी घर बैठे प्राप्त कर सकता है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र वि0वि0 की वेबसाइट 222.1द्वथह्र.ड्डष्.द्धठ्ठपर प्रवेश विवरणिका का अध्ययन कर आनलाईन प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

### क्रिप्टो-हवाला की आड़ में साइबर ठगी का बड़ा खुलासा, चार गिरफ्तार

# ई-मित्र व पेट्रोल पंप के खातों में डलवाते थे ठगी की रकम, कमीशन काटकर लेते नकदी; USDT के जरिए विदेश भेजते थे पैसा



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** जिला ब्यावर पुलिस ने म्यूल अकाउंट और साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में क्रिप्टोकरेंसी व हवाला से जुड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में गिरोह के तार विदेशों में बैठे साइबर ठगों से जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ई-मित्र और पेट्रोल पंप संचालकों के खातों में साइबर ठगी की रकम जमा करवाते थे। इसके बाद कमीशन काटकर शेष रकम नकद ले लेते थे। ठगी की शिकायत सामने आने पर संबंधित खातों पर बैंक होल्ड लग जाता था, जिससे खाताधारकों को आर्थिक और कानूनी परेशानी उठानी पड़ती थी। मामला ई-मित्र संचालक तुलसा सिंह की रिपोर्ट से सामने आया। 28 अगस्त को सारोठ चौराहा स्थित चौहान ई-मित्र पर तीन युवक पहुंचे और क्यूआर कोड के जरिए खाते में रकम जमा करवाई। खाते में पहले 30 हजार और बाद में 50 हजार रुपए जमा हुए। आरोपियों ने कमीशन काटकर दोनों रकम नकद प्राप्त कर ली। अगले दिन खाते पर दिल्ली पुलिस साइबर शाखा की ओर से होल्ड लगाए जाने के बाद रकम साइबर ठगी की होने का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी एक एप के जरिए विदेशों में बैठे साइबर ठगों के संपर्क में थे। ठगी से प्राप्त नकदी से स्ष्ठञ्ज क्रिप्टोकरेंसी खरीदी जाती थी और डिजिटल माध्यम से विदेश भेजी जाती थी। पुलिस के अनुसार इस लेनदेन में आरोपियों को करीब 25 प्रतिशत अतिरिक्त राशि मिलने की बात सामने आई है। जांच में हवाला नेटवर्क से जुड़े कनेक्शन भी सामने आए हैं। पुलिस ने राजवीर सिंह चौहान उर्फ रोहित (24), रितिक मण्डोलिया (23), त्रिलोक रेगर (23) और चिराग मुलचंदानी (26) को गिरफ्तार किया है। चारों अजमेर क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक साइबर क्राइम वी.के. सिंह एवं अजमेर रेंज आईजी डॉ. रवि सभरवाल के मार्गदर्शन में हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और वृत्ताधिकारी नरेंद्र पारीक के सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी राजदीपेंद्र सिंह, जवाजा थाना अधिकारी डॉ. नवल किशोर तथा साइबर सेल टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# दिव्यांगजनों ने रैली निकाल दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश



### चांग गेट से अजमेरी गेट तक निकली जागरूकता रैली, विद्यार्थियों व विभिन्न संस्थाओं ने भी लिया हिस्सा

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगरीय आम चुनाव-2026 को लेकर बुधवार को स्वीप गतिविधियों के तहत दिव्यांग मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में दिव्यांगजनों के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्काउट-गाइड एवं एनसीसी के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार सुबह 11 बजे चांग गेट से शुरू हुई रैली पाली बाजार होते हुए अजमेरी गेट पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने शहरवासियों को आगामी 9 एवं 11 सितम्बर को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बिना किसी प्रलोभन, जाति, धर्म अथवा लालच के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने का संदेश दिया। दिव्यांगजनों ने अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है। रैली के समापन पर चांग गेट पर सभी प्रतिभागियों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया, उपखंड अधिकारी जयपाल सिंह राठौड़, स्वीप प्रकोष्ठ सह प्रभारी विशाल सिंह सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल शर्मा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक नितेश यादव सहित स्वीप टीम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। स्वयंसिद्धा आश्रम, स्काउट-गाइड, एनसीसी सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# मसूदा में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 90 किलो सड़ी-गली मिठाई नष्ट



### सवाईभोज स्वीट्स व अरोड़ा मिष्ठान भंडार का औचक निरीक्षण, घेवर-गुलाब जामुन समेत घी के नमूने लिए

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' योजना के तहत खाद्य सुरक्षा दल ने मसूदा में दो मिठाई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान करीब 90 किलो सड़ी-गली और बदबूदार मिठाई मिलने पर उसे मौके पर जब्त कर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त, जयपुर एवं जिला कलक्टर कमल राम मीणा के निर्देशन तथा सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा दल ने श्री सवाईभोज स्वीट्स एंड फास्ट फूड तथा अरोड़ा मिष्ठान भंडार, मसूदा का निरीक्षण किया। इस दौरान घेवर, गुलाब जामुन, कलाकंद और घी के नमूने लिए गए। जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। प्रतिष्ठानों पर खराब, सड़ी-गली और दुर्गंधयुक्त मिठाइयां पाए जाने पर करीब 90 किलो सामग्री को जब्त कर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता नहीं करने के लिए पाबंद किया तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह और दशरथ सिंह मौजूद रहे। लिए गए खाद्य नमूनों को जांच के लिए अजमेर लैब भेजा गया है। प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत ने आमजन से अपील की कि खाद्य सामग्री खरीदते समय पैकिंग तारीख, निर्माता का पूरा विवरण और मिठाई बनने की तारीख की जांच जरूर करें तथा संदिग्ध या खराब खाद्य सामग्री खरीदने से बचें।

# दूध के उचित दाम और समय पर भुगतान की मांग, सुनेल ब्लॉक के किसानों ने सौंपा ज्ञापन

### तीन दिन तक बंद रहेगी दूध की खरीद-बिक्री, किसानों ने किया हड़ताल का ऐलान

स्मार्ट हलचल

सुनेल / ब्लॉक के समस्त दूध विक्रेता एवं क्रेता किसानों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दूध के उचित मूल्य और समय पर भुगतान की मांग की। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर 1 सितंबर से 3 सितंबर 2026 तक तीन दिवसीय हड़ताल पर रहने क ा ऐलान किया है। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि दूध की खरीद 12 रु पए प्रति फैट की दर से की जाए तथा दूध उत्पादक किसानों को उनके दूध का भुगतान समय पर मिले। किसानों का कहना है कि पशुपालन की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। खल, कपासिया, पशु चारा और पशु चिकित्सा दवाइयों के दाम बढ़ने से पशुपालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में दूध उत्पादन से होने वाली आय के मुकाबले खर्च अधिक हो रहा है, जिससे किसानों के लिए पशुपालन करना मुश्किल होता जा रहा है। दूध उत्पादक किसानों ने कहा कि उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण उनकी लागत भी पूरी नहीं निकल पा रही है। ऐसे में दूध के दाम बढ़ाने और भुगतान व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

#### न दूध बेचेंगे, न डेयरी खरीदेगी

किसानों ने चेतावनी दी है कि 1 सितंबर से 3 सितंबर 2026 तक सुनेल ब्लॉक में दूध की खरीद-बिक्री बंद रखी जाएगी। हड़ताल के दौरान दूध उत्पादक किसान दूध की सप्लाई नहीं करेंगे और डेयरी संचालक भी दूध की खरीद एवं बिक्री नहीं करेंगे। ज्ञापन के माध्यम से समस्त सुनेल ब्लॉक के किसान, दूध विक्रेता एवं क्रेताओं ने जिला प्रशासन से उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

### शाहपुरा निकाय चुनाव- प्रशासन ने कसी कमर, हर मोर्चे पर जिम्मेदारी तय

# ब्लॉक लेवल प्रभारियों की बैठक में चुनावी तैयारियों की समीक्षा; कानून-व्यवस्था, आचार संहिता, ईवीएम, प्रशिक्षण और मतदाता जागरूकता पर फोकस

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा मूलचन्द पेसवानी** नगर पालिका शाहपुरा के निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। बुधवार को उपखंड कार्यालय में निर्वाचन से जुड़े ब्लॉक लेवल प्रभारियों की बैठक हुई। इसमें चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्वाचन विभाग और जिला निर्वाचन कार्यालय से मिले निर्देशों की पूरी पालना के साथ जिम्मेदारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बनवारी लाल सिनसिनवार ने सभी प्रकोष्ठों के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़ा प्रत्येक काम समयबद्ध तरीके से पूरा हो और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो।



**कानून-व्यवस्था फ्लैग मार्च से लेकर निगरानी तक**

चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक नाना लाल को दी गई है। तहसीलदार रणवीर सिंह और थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय के सहयोग से फ्लैग मार्च और आवश्यक पुलिस व्यवस्थाएं की जाएंगी। प्रशासन का फोकस मतदान के दौरान भयमुक्त माहौल बनाए रखने पर रहेगा।

**आचार संहिता पर नजर, शिकायतों का होगा निस्तारण**

आदर्श आचार संहिता की पालना और शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी पुरुषोत्तम पंवार को सौंपी गई है। प्राप्त शिकायतों की जांच कर उनका निस्तारण किया जाएगा। चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

**कचरा गाड़ियों से होगा मतदान का प्रचार**

मतदाता जागरूकता अभियान को भी चुनावी तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। नगर पालिका के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से मतदान के संदेश प्रसारित करवाए जाएंगे। इसके अलावा स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य संस्थानों में जागरूकता गतिविधियां जारी रहेंगी।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार व्यास के माध्यम से निर्वाचक साक्षरता क्लब की गतिविधियों को बढ़ावा देकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

**बूथों पर फर्स्ट एड, व्हीलचेयर और एंबुलेंस की व्यवस्था**

मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है। चिकित्सा विभाग के डॉ. अमित गुप्ता को सभी मतदान केंद्रों पर फर्स्ट एड बॉक्स और व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। मतदान दिवस पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**ईवीएम प्रशिक्षण पर रहेगा विशेष जोर**

मतदान दलों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी अधिशाषी अधिकारी पुरुषोत्तम पंवार और विजय सिंह नरूका को दी गई है। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के संचालन की जानकारी के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

ईवीएम की व्यवस्था की जिम्मेदारी तहसीलदार रणवीर सिंह और नायब तहसीलदार रामप्रसाद बलाई को सौंपी गई है।

**कंट्रोल रूम और हेल्प डेस्क रहेगी सक्रिय**

चुनाव संबंधी सूचनाओं के संकलन और त्वरित संप्रेषण के लिए उपखंड कार्यालय में निर्वाचन नियंत्रण कक्ष लगातार संचालित रहेगा। यहां से आवश्यक रिपोर्टिंग और सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। मतदाताओं की सहायता के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी रहेगी।

**मतगणना स्थल पर सीसीटीवी, इंटरनेट की जिम्मेदारी बीएसएनएल को**

मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाएगी। मतगणना के दौरान इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी बीएसएनएल को दी गई है। इससे मतगणना संबंधी व्यवस्थाओं में तकनीकी सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

**लापरवाही पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी होंगे जिम्मेदार**

बैठक में प्रशासन ने सभी प्रभारियों को स्पष्ट कर दिया कि चुनावी कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही, शिथिलता या उदासीनता के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। सभी प्रकोष्ठों के प्रभारियों को दैनिक प्रगति एवं समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

इधर राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओर से चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं, वहीं प्रशासन ने भी मतदान से लेकर मतगणना तक की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने में पूरी ताकत झोंक दी है। अब शाहपुरा में चुनावी सरगर्मी के साथ प्रशासनिक निगरानी भी लगातार बढ़ती दिखाई देगी।

### पर्यटन स्थलों की सुरक्षा होगी और मजबूत, 30 सितंबर तक होगा प्रदेशभर में सिक्योरिटी ऑडिट...

# डीजीपी श्री राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस-पर्यटन विभाग की बैठक में दिए व्यापक निर्देश...

## खाटूश्यामजी, सालासर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर मेलों के साथ हर सप्ताह उमड़ने वाली भीड़ के लिए भी विशेष इंतजाम

### पर्यटन थानों की संख्या बढ़ाने, टीएएफ को सुदृढ़ करने और अधिकाधिक सीसीटीवी लगाने पर जोर



स्मार्ट हलचल

**जयपुर,** राज्य में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को और पुख्ता करने के लिए राजस्थान पुलिस ने व्यापक कार्ययोजना तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। पर्यटकों की यात्रा को सुरक्षित, सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस एवं पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पर्यटन स्थलों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पर्यटक सहायता बल (टीएएफ), पर्यटन थानों, सीसीटीवी कवरेज, पर्यटक सहायता बूथ, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**30 सितंबर तक सभी पर्यटन स्थलों का होगा सुरक्षा ऑडिट**

डीजीपी श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि आमेर में हाल ही में किए गए सुरक्षा ऑडिट की तर्ज पर 30 सितंबर तक प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों का सुरक्षा ऑडिट करवाया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को ऑडिट की रिपोर्ट प्राप्त कर उसमें सामने आने वाली कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों की सुरक्षा केवल किसी विशेष आयोजन या मेले तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि वर्षभर पर्यटकों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए स्थायी और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जाए।

**हर सप्ताह उमड़ने वाली भीड़ के लिए भी विशेष व्यवस्था**

डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्यटकों व श्रद्धालुओं को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेलों का इंतजार नहीं किया जाए। खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी सहित प्रमुख धार्मिक व अन्य पर्यटन स्थलों पर प्रत्येक सप्ताह बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में वीकेंड और अन्य दिनों में भी भीड़ के अनुरूप पुलिस बल एवं टीएएफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लॉन्ग वीकेंड पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली संख्या को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल लगाने तथा प्रमुख मेलों के दौरान टीएएफ की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। डीजीपी ने खाटूश्यामजी, मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी, रामदेवरा, गोगामेड़ी, पुष्कर, श्रीनाथद्वारा और सांवरियाजी सहित प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों पर पुलिस, प्रशासन एवं देवस्थान विभाग को आपसी समन्वय से भीड़ प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**पर्यटक सहायता बल की उपस्थिति दिखनी चाहिए**

श्री शर्मा ने पर्यटन स्थलों पर तैनात पर्यटक सहायता बल (टीएएफ) को और अधिक सुदृढ़ करने तथा उनकी प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटक को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उसे तत्काल सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रमुख स्थानों पर पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर, पुलिस हेल्पलाइन 112, राजकॉप सिटीजन एप एवं अन्य उपयोगी लिंक प्रदर्शित करने वाली स्टेंडी लगाने तथा टीएएफ की ओर से विशेष सहायता बूथ स्थापित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सहायता बूथ केवल नाम मात्र के नहीं हों, बल्कि वहां प्रशिक्षित कार्मिक मौजूद रहें और पर्यटकों को आवश्यक जानकारी एवं तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।

**बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन की तर्ज पर एयरपोर्ट पर भी सूचना व्यवस्था**

बैठक में बताया गया कि बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर टीएएफ की व्यवस्था उपलब्ध है, जबकि एयरपोर्ट पर ऐसी व्यवस्था नहीं है। इस पर डीजीपी श्री शर्मा ने एयरपोर्ट अथॉरिटी से समन्वय कर एयरपोर्ट पर पर्यटकों की सुविधा के लिए पोस्टर, बैनर, स्टेंडी एवं एलईडी के माध्यम से आवश्यक सूचनाएं प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीएएफ एवं स्थानीय थाने के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एयरपोर्ट सहित सभी प्रवेश एवं निकास स्थलों पर पर्यटकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही।

**पर्यटक सहायता बूथों पर मिलेगी बहुभाषी जानकारी**

डीजीपी ने निर्देश दिए कि पर्यटक सहायता बूथों को आकर्षक ढंग से स्थापित किया जावें और यहां पर विभिन्न भाषाओं में पर्यटन स्थलों से संबंधित सामग्री एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन स्थलों पर विभिन्न भाषाओं में साइन बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने विदेशी भाषाओं का कोर्स कर चुके युवक-युवतियों को लैंग्वेज एक्सपर्ट के रूप में सेवाएं उपलब्ध कराने का सुझाव दिया, ताकि विदेशी पर्यटकों को उनकी भाषा में आवश्यक जानकारी और सहायता मिल सके।

**अधिकाधिक सीसीटीवी, मेडिकल सुविधा और महिला पुलिसकर्मी होंगी उपलब्ध**

पर्यटन स्थलों की सुरक्षा के लिए अधिकाधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने, उपलब्ध स्थानीय सीसीटीवी कैमेरों का जोड़ने तथा संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जहां पर्यटकों की संख्या अधिक है, वहां पर्यटन थाना स्थापित करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। डीजीपी ने पर्यटकों के लिए आकस्मिक चिकित्सा सुविधा, महिला पर्यटकों की सहायता के लिए महिला पुलिसकर्मियों तथा आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित गाइड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में पर्यटन थानों के प्रस्ताव का फॉलोअप**

बैठक में सवाईमाधोपुर एवं जैसलमेर में पर्यटन थाना स्थापित करने के लिए भेजे गए प्रस्तावों का फॉलोअप लेने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने कहा कि जहां पर्यटकों की संख्या लगातार अधिक रहती है, वहां उनकी सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्यटन पुलिस की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश में पर्यटन थानों की संख्या बढ़ाने, पर्यटन पुलिस के लिए अपेक्षित पुलिस बल उपलब्ध कराने तथा उन्हें पर्यटन क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देने पर भी जोर दिया।

**आमेर की केस स्टडी को अन्य पर्यटन स्थलों पर भी लागू करने के निर्देश**

डीजीपी श्री शर्मा ने पूर्व बैठक में आमेर में किए गए सुरक्षा ऑडिट एवं केस स्टडी में सामने आई अपेक्षाओं को प्रदेश के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण, व्यवस्थित आवागमन, बेहतर सड़क सुविधा, पार्किंग, आवश्यक सूचनाओं की उपलब्धता और सुगम यातायात भी पर्यटन अनुभव का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

**जयपुर में हेरिटेज वॉक की व्यवस्था पर जोर**

जयपुर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए हेरिटेज वॉक की व्यवस्था विकसित करने पर भी चर्चा हुई। इसके माध्यम से पर्यटकों को शहर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्रों में व्यवस्थित एवं सुरक्षित भ्रमण का अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बैठक में डीजी ट्रैफिक श्रीमती मालिनी अग्रवाल ने पर्यटन स्थलों पर राजस्थान पुलिस के स्तर से उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं एवं किए जा रहे प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने अधिकाधिक पर्यटन स्थलों को सीसीटीवी कवरेज में लाने, अधिक पर्यटक संख्या वाले स्थानों पर पर्यटन थाने स्थापित करने सहित पर्यटकों की सुविधा के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के प्रारंभ में पर्यटन आयुक्त श्रीमती रुक्मणि रियाड ने गत बैठक की अनुपालना रिपोर्ट के साथ–साथ प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की वर्तमान स्थिति तथा पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने विभाग द्वारा डीओआईटी के माध्यम से तैयार किए गए विशेष एप के जल्द ही लांच किए जाने की जानकारी दी तो डीजीपी ने इसे राजकॉप सिटीजन एप और पैनिक बटन से इंटीग्रेट करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान रियाड ने प्रचार सामग्री, पर्यटक सहायता बूथों के डिजाइन एवं प्रशिक्षण आदि के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में टीएएफ एवं पुलिस के बेहतर समन्वय के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को नियमित पेट्रोलिंग के दौरान टूरिस्ट साइट्स को भी कवर करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान एसपी विजीलेंस वंदिता राणा ने गोवा, तिरूमला सहित राजस्थान के ?विभिन्न पर्यटन स्थलों के भ्रमण से प्राप्त अनुभवों और बेस्ट प्रेक्टिसेज पर आधारित एक प्रजेंटेशन दिया। बैठक में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर श्री वी.के. सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री ओम कसेरा सहित पर्यटन विभाग, आरटीडीसी, आमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण, नगर निगम तथा संबंधित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# धरणीधर जयंती पर सुनेल में निकली भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा कस्बा

### 80 गांवों से पहुंचे धाकड़ समाज के लोग, देव विमान, कलश यात्रा, झांकियां और जेसीबी से पुष्पवर्षा रही आकर्षण का केंद्र



स्मार्ट हलचल

**सुनेल** कस्बे में बुधवार को धरणीधर जयंती महोत्सव हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धाकड़ समाज की ओर से भगवान धरणीधर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें सुनेल सहित आसपास के करीब 80 गांवों से बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान पूरा कस्बा भगवान धरणीधर के जयकारों से गूंज उठा।

महोत्सव के तहत सुबह लंकापति बालाजी मंदिर परिसर में शोभायात्रा में शामिल होने वाले कलश, ध्वजा, महाआरती और चंवर आदि की बोलियां लगाई गईं। इनमें समाज के लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोपहर 2 बजे लंकापति बालाजी मंदिर से भगवान धरणीधर की शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा मेला मैदान, छतरी चौक, सदर बाजार, राम मंदिर चौक, रंजा चौक, शिव मंदिर चौक, कचहरी चौक, घाणा चौक, छतरी चौक और लोहार दरवाजा होते हुए पिड़ावा रोड स्थित लंकापति मंदिर पहुंची। यहां महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ।

**देव विमान और जेसीबी से पुष्पवर्षा ने मोहा मन**

शोभायात्रा में बैंड-बाजे, घुड़सवार,महिलाओं की कलश यात्रा, डीजे, ढोल, तोप से पुष्पवर्षा, भगवान धरणीधर का देव विमान और विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं जेसीबी के माध्यम से भी शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। श्रद्धालु भगवान धरणीधर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जबकि युवा धार्मिक भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए उत्साह के साथ शामिल हुए।

करीब एक किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल रहे। मार्ग में कस्बे के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान धरणीधर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

**पांच हजार महिला-पुरुषों ने ग्रहण की प्रसादी**

शोभायात्रा के समापन के बाद आयोजित भोजन प्रसादी में करीब पांच हजार महिला-पुरुषों ने प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान कस्बे में धार्मिक उल्लास के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

# नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आप ने जारी किया घोषणा-पत्र, भ्रष्टाचार मुक्त शहर का वादा

### आप के घोषणा-पत्र में स्वच्छ हवा, पानी और भ्रष्टाचार मुक्त नगरीय व्यवस्था पर जोर...

स्मार्ट हलचल

अ जयपुर- राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव 2026 को लेकर आम आदमी पार्टी नेबुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने घोषणा-पत्र में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के साथ स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी, बेहतर सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण मुक्तशहर और सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने का वादा किया है। पार्टी ने स्थानीय निकायों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने को प्राथमिकता देने की बात कही। आप राजस्थान के प्रभारी धीरज टोकस ने कहा कि स्थानीय निकायों के चुनाव सीधे आमजन के दैनिक जीवन से जुड़े हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई, सड़क, फुटपाथ, सार्वजनिक परिवहन, पेयजल, पार्किंग, निर्माण अनुमति और शहर की योजना जैसी मूलभूत सुविधाएं नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं के कामकाज से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण स्थानीय निकाय जनता को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने में असफल रहे हैं। पार्टी के सह प्रभारी घनेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि शहरों की योजना दूरदर्शी तरीके से नहीं बनने के कारण अतिक्रमण, अनियोजित निर्माण और प्रदूषण जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि शहरों को कंक्रीट के जंगल और प्रदूषण के केंद्र बनने से रोकने के लिए सुनियोजित विकास की जरूरत है। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने पर इन समस्याओं के समाधान का दावा किया। चुनाव प्रभारी देवेन्द्र शास्त्री ने बताया कि घोषणा-पत्र में शिक्षा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और सफाई व्यवस्था को प्रमुखता दी गई है। नगर निकायों के अधीन शिक्षा व्यवस्था में बेहतर आधारभूत सुविधाओं, आधुनिक शिक्षा, डिजिटल सुविधाओं, कौशल विकास और रोजगार मार्गदर्शन पर जोर देने की बात कही गई है। उनका कहना है कि बच्चों को जागरूक और वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। देवेन्द्र शास्त्री ने कहा कि स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार के कारण आम लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए भी परेशान होना पड़ता है। पार्टी का लक्ष्य ऐसी व्यवस्था स्थापित करना है, जिसमें बिना रिश्वत के लोगों के काम आसानी से और पारदर्शी तरीके से हो सकें। उन्होंने कहा कि जहां भी पार्टी को नगर निगम, नगर परिषद या नगर पालिका की जिम्मेदारी मिलेगी, वहां भ्रष्टाचार मुक्त स्थानीय निकाय का उदाहरण प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा। घोषणा-पत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के तहत मोहल्ला क्लीनिक की योजना लागू करने, आधुनिक मशीनरी और तकनीक के माध्यम से सफाई व्यवस्था बेहतर करने तथा सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के साथ यातायात और जाम की समस्या कम करने पर भी जोर



दिया गया है। प्रदूषण कम करने के लिए प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का उसी दिन निस्तारण, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उपाय और खुली बिजली की तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करने की दिशा में काम करने का वादा किया गया है। वहीं निर्माण अनुमति की प्रक्रिया को सरल, प्रभावी और पारदर्शी बनाने तथा शहर की जरूरत और भविष्य के नियोजित विकास को ध्यान में रखते हुए नियम तैयार करने की बात कही गई है। देवेन्द्र शास्त्री ने भाजपा और कांग्रेस पर राजनीतिक मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी राजस्थान में एक वैकल्पिक राजनीतिक मंच के रूप में जनता के सामने है। उन्होंने कहा कि जयपुर सहित बड़े शहरों के साथ छोटे शहरों में भी पार्टी मजबूत विकल्प के रूप में चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि जयपुर नगर निगम सहित विभिन्न निकाय क्षेत्रों में पार्टी की कोशिश शिक्षित, योग्य, ईमानदार और स्थानीय समस्याओं की समझ रखने वाले लोगों को प्रत्याशी बनाने की है, ताकि चुने गए प्रतिनिधि केवल चुनाव तक सीमित न रहें, बल्कि अपने वार्ड और शहर की समस्याओं के समाधान के लिए काम करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश सचिव जुगल किशोर शर्मा, जिला अध्यक्ष अमित दाधीच, वार्ड 54 की पार्षद प्रत्याशी संगीता गौड़ सहित प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# काला बादल जयंती पर 4 सितंबर को होगा प्रतिभा एवं प्रोत्साहन सम्मान समारोह

## उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा होंगे मुख्य अतिथि, डॉ. किरोड़ीलाल मीणा करेंगे अध्यक्षता; जनजातीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी अति विशिष्ट अतिथि

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर कोटा में स्वतंत्रता सेनानी श्री भैरूलाल कालाबादल की जयंती के अवसर पर प्रतिभा-प्रोत्साहन, काला बादल परिवार एवं शहीद परिवार सम्मान समारोह का आयोजन 4 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। समारोह में शिक्षा, सामाजिक उत्थान और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम होंगे। आयोजकों के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान



के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा होंगे, जबकि कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जनजातीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में सांसद मुरारीलाल मीणा (दौसा), मन्नालाल रावत (उदयपुर), राजकुमार रोत (बांसवाड़ा-डूंगरपुर) तथा विधायक शांति धारीवाल (कोटा उत्तर), संदीप शर्मा (कोटा दक्षिण), कल्पना देवी (लाडपुरा) और चेतन पटेल (पीपल्दा) सहित कई जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी से समारोह को व्यापक स्वरूप मिलने की उम्मीद है।

**प्रतिभाओं और परिवारों का होगा सम्मान**

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही काला बादल परिवार और शहीद परिवारों के सम्मान का भी कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन का उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के साथ शिक्षा और सामाजिक विकास के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय श्री मीणा सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति, कोटा एवं श्री मीणा समाज विकास समिति, कोटा की ओर से किया जा रहा है। आयोजन में दोनों संस्थाओं की कार्यकारिणी एवं सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

**आदिवासी शिक्षा और सामाजिक विकास पर भी रहेगा फोकस**

आयोजकों के अनुसार जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना के पीछे आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का उद्देश्य रहा है। समारोह के माध्यम से शिक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन, छात्रावास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों के सहयोग जैसे विषयों को भी आगे बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। 4 सितंबर को सुबह 11 बजे विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम, रानपुर कोटा में होने वाले समारोह के लिए समाज के लोगों, विद्यार्थियों, प्रतिभाओं, शहीद परिवारों और आमजन को आमंत्रित किया गया है।

# राजस्थान सरपंच संघ ने शासन सचिव को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** में सरपंच संघ राजस्थान एवम् समस्त निवर्तमान सरपंचो प्रशासकों के द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम कृष्ण कुणाल शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग को ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायतों की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत करवाया। राजस्थान सरपंच संघ उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह चंदा ने बताया कि ज्ञापन में ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण समस्याओं जिनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के सामग्री मद का लंबित भुगतान। मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व में संपादित विकास कार्यों का सामग्री मद का करीबन 3200 करोड भुगतान लगभग 30 माह से लंबित है। इसके कारण राजस्थान की अधिकांश ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो गए है तथा सामग्री आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति बाधित कर जनप्रतिनिधियों को उक्त भुगतान के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है इस कारण ग्राम पंचायतों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही लंबित भुगतान शीघ्र जारी करवाने की कृपा करें जिससे ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पुनः गति पकड़ सके। पंद्रहवें केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की राशि जारी करने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की भावना के अनुरूप पंचायत चुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया गया है। किंतु वर्तमान में पंद्रहवें केंद्रीय वित्त आयोग की राशि करीबन 3000 करोड



प्राप्त नहीं होने से ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक जनहित के कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा राज्य वित्त आयोग का बकाया भुगतान वित्तीय वर्ष 2024-25 कि 1700 करोड द्वितीय किश्त व वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त करीब 3000 करोड का बकाया भुगतान जल्द जारी करवाया जाए। ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला है। यदि समय पर वित्तीय संसाधन उपलब्ध होंगे तब ही योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा, एवम विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान का संकल्प साकार हो सकेगा। सभी विषयों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें, जिससे ग्राम पंचायतों के रुके हुए विकास कार्य पुनः प्रारंभ हो सकें तथा ग्रामीण जनता को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो। इसके लिए समस्त प्रशासक एवं राजस्थान सरपंच संघ आपका सदैव आभारी रहेगा। इस मौके पर बंशीधर गढ़वाल राजस्थान सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह चंदा एंव अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सीजेपी ने वापस लिया आंदोलन, नड्डा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नीट परीक्षा से जुड़े मामलों को लेकर बीते महीने से आंदोलन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने आगामी 5 सितंबर को प्रस्तावित अपना राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन रद्द करने का ऐलान किया है। सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को आंदोलन की बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांगें, जिसमें छात्रों पर दर्ज मामले वापस लेना और नीट से जुड़े आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को आर्थिक सहायता देना शामिल था, पर अब फैसला आ गया है। इस घोषणा के साथ ही दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आंदोलन वापसी के फैसले का स्वागत किया है।



केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखकर प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने और भविष्य में उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई न करने का भरोसा दिया था। उन्होंने बताया कि इस बारे में भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों की सरकारों से भी बातचीत की गई है और अब सरकार अपने उस आश्वासन को पूरा कर रही है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने जोर दिया कि युवाओं की प्रगति और विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

दूसरी ओर, छत्रपति संभाजीनगर से सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न्याय की बड़ी जीत बताया। उन्होंने दावा किया कि छात्र आंदोलन के दबाव के कारण ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। दीपके ने कहा कि सरकार पहले उनकी मांगों को स्वीकार नहीं कर रही थी, लेकिन अब कोर्ट के फैसले के बाद पीड़ित परिवारों और छात्रों को न्याय मिला है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दीपके ने नीट मामले से जुड़े आत्महत्या पीड़ित छात्रों के परिवारों से भी बातचीत की और उन्हें हर संभव सहारा देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आंदोलन से जुड़े साथियों के साथ कई दौर की बैठकों के बाद सर्वसम्मति से 5 सितंबर के आंदोलन को रद्द करने का निर्णय लिया गया।

## भारत ने पांचवां विमान राहत सामग्री और विशेष रेस्क्यू टीम के साथ नेपाल भेजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ और आपदा से राहत के लिए अपना पांचवां विमान भी राहत सामग्री और विशेष रेस्क्यू टीम के साथ रवाना कर दिया है। इस मदद को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की ओर से 5.5 टन जरूरी दवाइयां, विशेष बचाव उपकरण और 11 सदस्यों की एक विशेष रेस्क्यू टीम लेकर पांचवां विमान नेपाल के लिए रवाना हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत के तहत नेपाल को कुल चार खेप भेज चुका है, जिसमें करीब 57.5 टन से ज्यादा राहत सामग्री, जनरेटर, मेडिकल टीमें, और खोज-बचाव दल शामिल हैं। भारत सरकार एनडीआरएफ के विशेषज्ञों और जरूरी उपकरणों के साथ नेपाल में फंसे लोगों को निकालने और बुनियादी संपर्क बहाल करने में लगातार मदद कर रहा है। भारत ने 19 सदस्यों वाली 6 फोरेंसिक टीमों को काठमांडू भेजा है। ये टीमें शवों के डीएनए सैंपलिंग और उनकी पहचान करने में नेपाल के प्रशासन की मदद कर रही हैं। भारत ने 230 फीट लंबा सिंगल-लेन मॉड्यूलर स्टील ब्रिज बनाने के लिए 16 ट्रक उपकरण नेपाल पहुंचाए हैं। संपर्क मार्गों को तुरंत चालू करने के लिए 7 अतिरिक्त बेली ब्रिज और उन्हें जल्द इंस्टॉल करने के लिए तकनीकी दल भी भेजे जा रहे हैं। भारत ने विशिष्ट उपकरणों से लैस 13 सदस्यीय विशेषज्ञ सेना टीम को टनल ऑपरेशन्स के लिए भेजा।

## अवैध रूप से भण्डारित 30 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त



स्मार्ट हलचल

**उदयपुर,** घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई के तहत बुधवार को शहर में दो स्थानों पर अवैध रूप से भण्डारित 30 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी मणि खींची के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान अम्बामाता के राताखेत क्षेत्र में राजेश सिंह जादौन उर्फ पप्पु भाई के निवास से 12 तथा रामपुरा चौराहे के निकट अम्बावाड़ी क्षेत्र में उपेन्द्र जादौन उर्फ शैलू भाई के निवास से 18 सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी मणी खींची ने बताया कि कार्रवाई में सामने आया कि गैस एजेंसियों के हॉकर्स द्वारा अपने घरों पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध रूप से भण्डारण किया जा रहा था। जब्त किए गए सभी 30 सिलेण्डर मैसर्स अम्बामाता गैस सर्विस को सुपुर्द किए गए। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह चौधरी, प्रवर्तन निरीक्षक विशेष मीणा, अरविन्द गर्ग, कालूराम ताबियार एवं पुलिस एएसआई ललित कुमार भी मौजूद रहे।

## सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार: 70,500 से अधिक शिकायतें, बैंक और रेलवे शीर्ष पर

### -केंद्रीय सतर्कता आयोग की हालिया रिपोर्ट में खुलासा




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हालिया रिपोर्ट ने बीते साल सरकारी संस्थानों के खिलाफ भ्रष्टाचार की भयावह तस्वीर पेश की है, जिसमें 70,500 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें सबसे अधिक शिकायतें बैंकिंग और रेलवे जैसे प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित थीं, जो इन विभागों में व्याप्त अनियमितताओं को दिखाती हैं।
रिपोर्ट के अनुसार, आयोग के मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) को कुल 70,584 शिकायतें मिली थीं। इसमें से बीते साल 31 दिसंबर तक 64,905 शिकायतों का निपटारा किया गया। हालांकि, 5,679 शिकायतें अभी भी लंबित थीं, जिसमें से 2,002 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से फंसी हुई हैं। सीवीओ से आमतौर पर 3 महीने के भीतर शिकायतों का निपटारा करने की अपेक्षा की जाती है, और आयोग लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करता है।
आंकड़ों के मुताबिक, बैंकों के सीवीओ को सर्वाधिक 9,933 शिकायतें मिलीं। इसमें से 9,520 का निपटारा हो गया, लेकिन 413 शिकायतें लंबित रहीं, जिसमें 52 शिकायतें 3 महीने से अधिक समय से लंबित थीं। रेलवे भी इस सूची में पीछे नहीं रहा, जहां 9,381 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें से 8,754 का निपटारा किया गया, जबकि 627 शिकायतें लंबित थीं, जिसमें से 10 शिकायतें तीन महीने से अधिक पुरानी थीं।
अन्य प्रमुख क्षेत्रों में आवास और शहरी मामलों से जुड़ी 6,531 शिकायतें, दिल्ली सरकार को छोड़कर स्थानीय निकायों से 4,834, कोयला क्षेत्र से 4,118, वित्त क्षेत्र से 3,107 और दिल्ली सरकार से 2,804 शिकायतें शामिल थीं। पेट्रोलियम मंत्रालय के खिलाफ 2,722, दिल्ली पुलिस के खिलाफ 2,633 और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र से संबंधित 2,139 शिकायतें भी प्राप्त हुईं। रिपोर्ट में सीवीसी द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए सीवीओ को भेजी गई 18,651 शिकायतों का भी उल्लेख है, जिसमें स्थानीय निकायों (4,110), बैंकों (1,749) और रेलवे (1,428) से संबंधित शिकायतें शीर्ष पर थीं। यह रिपोर्ट सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी पर गंभीर सवाल उठाती है।

## बीजेपी नेता रील्स बनाने, फॉलोअर्स बढ़ाने और अपने फैन क्लब बनाने में व्यस्त

### पश्चिम बंगाल विधायक अमरनाथ ने अपनी ही पार्टी नेताओं पर लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले की ओंडा विधानसभा से बीजेपी के वरिष्ठ विधायक अमरनाथ शाखा ने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने फेसबुक पर की गई अपनी एक तीखी पोस्ट में आरोप लगाया कि बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी जमीनी मुद्दों पर माकपा (सीपीआई-एम) और लेफ्ट फ्रंट का मुकाबला करने के बजाय केवल रील्स बनाने, फॉलोअर्स बढ़ाने और अपने फैन क्लब बनाने में व्यस्त हैं।



उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से इस पार्टी में सक्रिय रहने के कारण कुछ चीजें देखकर मैं चुप नहीं रह सकता। मैं दूसरों को खुश करने में विश्वास नहीं रखता, जो मुझे गलत लगता है, उसके खिलाफ आवाज उठाता हूं और इसी वजह से मेरे कई दुश्मन बन गए हैं। हालांकि इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी पूरी जिंदगी संघर्षों से भरी है। उन्होंने कहा कि मैं कभी ऐसा इंसान नहीं रहा और न ही बनना चाहता हूं, जो सामने वाले व्यक्ति के हिसाब से अपना स्वभाव बदल ले।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमरनाथ ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि जब से बीजेपी सत्ता में आई है, लेफ्ट फ्रंट उकसावे और गलत जानकारी फैलाकर जनता की नजर में सरकार की छवि खराब करने में लगा है फिर भी हमारे वरिष्ठ नेता कोई विरोध नहीं करते। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक वे बस अपना प्रचार करने में ही लगे रहते हैं। उन्हें लगता है कि पार्टी भाड़ में जाए, बस हमारा पेट भरा रहना चाहिए, यही मायने रखता है।
उन्होंने आरोप लगाया कि हर कोई रील्स बनाने, फॉलोअर्स बढ़ाने और अपने फैन क्लब को बड़ा करने में व्यस्त है। सरकार के सत्ता में आने के बाद से उनकी शान-ओ-शौकत बहुत बढ़ गई है देखिए वे कहां से शुरू हुए थे और अब कहां पहुंच गए हैं। उन्हें पार्टी के प्रति कोई जवाबदेही महसूस नहीं होती। उन्होंने कहा कि किसी खास नेता का फॉलोअर बनने के बजाय, पहले पार्टी के प्रति वफादार बनिए। नेता तो आते-जाते रहेंगे, लेकिन पार्टी बनी रहेगी। मैंने अपनी जवानी, परिवार और बाकी सब कुछ छोड़कर अपना पूरा जीवन इस पार्टी को समर्पित किया है। 34 सालों तक मैंने सीपीएम की धमकियों और आतंक के साथ-साथ तृणमूल के अत्याचारों का भी सामना किया है। इन सबके बावजूद लोगों ने हम पर भरोसा बनाए रखा। फिर भी कुछ लोगों की वजह से पार्टी को नुकसान हो रहा है और उन लोगों का ध्यान सिर्फ पैसा कमाने पर है।

## महुआ मोइत्रा की सुरक्षा बढ़ी : कलकत्ता हाईकोर्ट का निर्देश



कोलकाता (एजेंसी)। ,(ईएमएस)। तृणमूल कांग्रेस की नेता और कृष्णानगर से सांसद महुआ मोइत्रा की सुरक्षा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोलकत्ता की अदालत ने निर्देश दिया कि मोइत्रा को उनकी मौजूदा निजी सुरक्षा के अलावा दो और पुलिस सुरक्षाकर्मी मुहैया कराए। सांसद महुआ ने अपने संसदीय क्षेत्र में काम करने के दौरान आ रही दिक्कतों और सुरक्षा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप था कि कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में उन्हें बार-बार बीजेपी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के विरोध और हमलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से उन्हें अपने काम में दिक्कतें आ रही हैं। मामले पर सुनवाई कर जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की सिंगल बेंच ने कृष्णानगर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को सांसद की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, महुआ को अगले 30 दिनों के दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र के दौरों के समय दो अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती होगी। हालांकि, अदालत ने शर्त भी तय की है कि अपने संसदीय क्षेत्र में किसी भी दौरे पर जाने से करीब 48 घंटे पहले महुआ मोइत्रा को ईमेल के जरिए जिले के एसपी को लिखित सूचना देनी होगी। कलकत्ता हाईकोर्ट की ओर से जारी किया गया यह अंतरिम आदेश 1 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 अक्टूबर की तारीख तय की है, जिस दौरान पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था और उठाए गए कदमों को लेकर कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया गया है।

## ईंट-भट्टे का चैंबर भरभराकर गिरा, मलबे में दबकर 15 भेड़ों की मौत




### सात भेड़ें घायल, चरवाहों का लाखों रुपये का नुकसान

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर थाना** क्षेत्र के बसवा गांव में बुधवार सुबह लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच ईंट-भट्टे का चैंबर अचानक भरभराकर गिर गया। इसकी चपेट में आने से मलबे में दबकर 15 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि सात भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद चरवाहों में अफरातफरी मच गई। उन्होंने कड़ी मशक्कत कर मलबा हटाकर घायल भेड़ों को बाहर निकाला। चरवाहों के अनुसार, क्षेत्र में लगातार बारिश होने से चारों तरफ जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। ऐसे में उन्होंने मंगलवार की शाम सड़क किनारे भेड़ों को बैठा दिया था। सुबह करीब पांच बजे सड़क पर एक वाहन आने के बाद भेड़ें घबराकर पास स्थित ईंट-भट्टे के चैंबर में चली गईं। इसी दौरान अचानक चैंबर भरभराकर गिर गया और करीब 23 भेड़ें मलबे में दब गईं। हादसे के बाद चरवाहों ने आनन-फानन मलबा हटाना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद सात भेड़ों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया, जबकि 15 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत भेड़ों में अखिलेश पुत्र रामनारायण की पांच, कुंवारे पुत्र शिवनारायण की छह, पौली निवासी धर्मपाल पुत्र जगनमोहन की दो तथा केशव पाल की दो भेड़ें शामिल हैं। हादसे में चरवाहों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना की जानकारी मिलते ही पशु चिकित्सक डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. विकास गुप्ता मौके पर पहुंचे। चिकित्सकों ने मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम किया और घायल भेड़ों का उपचार किया। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल अनुज कुमार ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी। उन्होंने पीड़ित चरवाहों को नियमानुसार हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## अखाड़े में मचा घमासान, गोला पहलवान ने जितेंद्र को चित कर जीती बड़ी इनामी कुश्ती



स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर कोट** गांव में हलछठ पर्व के अवसर पर बुधवार को परंपरागत मेला और विशाल दंगल का आयोजन किया गया। मेले में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दोनों समुदायों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। कोट गांव के मजरा चंदनमऊ और मकसूदनपुर की महिलाओं ने पूर्वजों की करीब दो दशक पुरानी परंपरा को आज भी कायम रखा है। हलछठ पर्व पर महिलाओं ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार मिट्टी और चीनी के कुल्हड़ों में चना व ज्वार भरकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद मेले में लोगों की भीड़ जुटी। मेले का मुख्य आकर्षण विशाल दंगल रहा। इसमें दिल्ली, कानपुर, फिरोजाबाद, प्रयागराज और कौशांबी समेत कई जनपदों से पहुंचे नामी पहलवानों ने अखाड़े में अपने दांव-पेंच दिखाए। मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। कोट गांव के उभरते पहलवान फरहान खान ने कौशांबी के पहलवान मनोज सिंह को पटखनी देकर मुकाबला अपने नाम किया। वहीं दंगल की सबसे बड़ी और अंतिम इनामी कुश्ती दिल्ली के जितेंद्र पहलवान और प्रयागराज के गोला पहलवान के बीच हुई। दोनों पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंत में प्रयागराज के गोला पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर अंतिम इनामी कुश्ती अपने नाम कर ली। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष मतीन खान, बीडीसी सदस्य राशिद खान, करीम खान, जैद उल्ला सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जयपुर में बड़ी कार्रवाई, अवैध अंग्रेजी मदिरा की खेप पकड़ी

### प्रदेश में अवैध मदिरा पर कार्रवाई जारी, वॉश एवं भट्टियां नष्ट

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर,** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में निकाय चुनाव आदर्श आचार संहिता के तहत अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी निरोधात्मक गतिविधियों के तहत नाकाबंदी, गश्त, दबिश की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर में एक स्कॉर्पियो चार पहिया वाहन से फोर सेल इन हरियाणा इंपोर्टेड आईएमएफएल मदिरा की 20 पेटियों में 198 बोतल जब्त की गई। इसी कार्रवाई के अनुसंधान की कड़ी में जयपुर के आदर्श नगर राजापार्क में रिहायशी मकान से भी फोर सेल इन हरियाणा विभिन्न ब्रांड की 20 बोतल इंपोर्टेड आईएमएफएल मदिरा बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया। प्रदेश में अन्य जिलों में भी अवैध मदिरा पर कार्रवाई कर अभियोग दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत जयपुर में जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम शर्मा एवं उपायुक्त ज्ञान प्रकाश मीणा के निर्देशानुसार आबकारी अधिकारी लखन व्यास के सुपरविजन में पीओ नरेन्द्र सिंह सांजू द्वारा एक स्कॉर्पियो एन चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर 20 पेटियों में विभिन्न ब्रांड की इंपोर्टेड आईएमएफएल मदिरा की 198 बोतल जब्त की गई। जब्त मदिरा फोर सेल इन हरियाणा एवं हरियाणा एक्साइज होलोग्राम सहित बरामद करते हुए नियमानुसार अभियोग दर्ज किया गया। मौके से अभियुक्त दीपक विश्नोई निवासी जयपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त दीपक विश्नोई से प्रारंभिक अनुसंधान के आधार पर जयपुर के आदर्श नगर राजा पार्क में गुरदीप सिंह उर्फ सोनू सरदार के रिहायशी मकान पर दबिश दी गई। उक्त मकान से भी फोर सेल इन हरियाणा विभिन्न ब्रांड की 20 बोतल इंपोर्टेड आईएमएफएल मदिरा बरामद करते हुए मौके से मनु कुमार निवासी मधेपुरा बिहार को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में जगदीश विश्नोई एवं गुरदीप सिंह उर्फ सोनू सरदार वांछित है एवं अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में जमादार गौरव सिंह, सिपाही हर्ष वषिष्ठ, रामेष्वर लाल एवं रिंकू चैधरी की सक्रिय भूमिका रही। प्रदेष के पाली जिले के आबकारी थाना सोजत द्वारा आरपीएफ टीम मारवाड़ जंक्षन के साथ संयुक्त कार्रवाई में बरेली एक्सप्रेस टे्रन से बीआईओ मदिरा की 54 बोतल जब्त कर अभियोग दर्ज किया। हनुमानगढ़ के सूरेवाला, पन्नीवाली, फतेहपुर में दबिष की कार्रवाई में 500 लीटर वॉष सहित 2 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई। इसी प्रकार प्रदेश में समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## बहुपक्षीय मंच, कूटनीतिक बिसात: बिश्केक में बुना गया रणनीतिक संबंधों का ताना-बाना

स्मार्ट हलचल

**बिश्केक।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की 25वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित 26वें शिखर सम्मेलन ने यूरेशियाई क्षेत्र में भारत की बदलती और मजबूत होती कूटनीतिक हैसियत की एक नई इबारत लिख दी है। यह आयोजन केवल एक बहुपक्षीय बैठक भर नहीं था, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव और उसकी कूटनीतिक परिपक्वता का एक शानदार प्रदर्शन था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किर्गिज गणराज्य की राजधानी बिश्केक में आयोजित इस सम्मेलन में भारत का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ इस यात्रा पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भी रहे, जिन्होंने विभिन्न देशों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और इस वैश्विक मंच का भारत के पक्ष में शानदार कूटनीतिक उपयोग किया। इस वैश्विक मंच पर भारत का रुख अत्यंत मुखर और नीतिगत रहा, जिसके दूरगामी व बेहद सकारात्मक आउटकम (परिणाम) निकलकर सामने आए। भारत ने इस मंच का उपयोग न केवल अपनी सुरक्षा चिंताओं को उठाने के लिए किया, बल्कि सदस्य देशों के साथ दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारी का खाका भी खींचा। भारत के लिए इस सम्मेलन की सबसे बड़ी रणनीतिक सफलताओं में से एक रही, 'एससीओ सभ्यता संवाद मंच' के पहले संस्करण की मेज़बानी मिलना। इस ऐतिहासिक पहल के जरिए भारत अब मध्य एशिया के देशों के साथ सदियों पुराने सांस्कृतिक और व्यापारिक रिश्तों को आधुनिक रूप में पुनर्जीवित करने का नेतृत्व करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर लिखा प्रधानमंत्री ने भारत का यह रुख दोहराया कि बातचीत और कूटनीति ही विवादों को सुलझाने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की ज़रूरत पर ज़ोर दिया और इस बात पर भी बल दिया कि आतंकवाद के ख़िलाफ़ लड़ाई में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कनेक्टिविटी, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने पहले एससीओ सिविलाइज़ेशन डायलॉग फ़ोरम की मेज़बानी करने के लिए भारत की तैयारी की भी घोषणा की। सम्मेलन के अंत में जारी 'बिश्केक घोषणापत्र' में भारत के उन प्रस्तावों को प्रमुखता से स्थान मिला, जो लंबे समय से वैश्विक मंचों पर भारत की प्राथमिकता रहे हैं। इसमें जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संरक्षण, और परमाणु सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर चार महत्वपूर्ण एमओयू पर मुहर लगी, जिससे यूरेशियाई देशों के बीच सहयोग का एक नया ढांचा तैयार हुआ है। वहीं दूसरी ओर डॉ. जयशंकर ने भारत की 'बैकचैनल डिप्लोमेसी' का नेतृत्व करते हुए मध्य एशियाई देशों, रूस, चीन और ईरान के विदेश मंत्रियों व शीर्ष नेताओं के साथ अलग से बैठकें करके व्यापार, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और समुद्री सुरक्षा पर गंभीर चर्चा की। विशेष रूप से ईरान के नेतृत्व के साथ हुई बातचीत में चाबहार बंदरगाह के विस्तार और भारतीय नाविकों के हितों की रक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर कूटनीतिक सहमति बनाने में बड़ी सफलता मिली। विदेश मंत्री की इन मुलाकातों ने विभिन्न देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय मतभेदों को कम करने और सहयोग के नए सेतु बनाने का काम किया।



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सीजेपी ने वापस लिया आंदोलन, नड्डा ने किया स्वागत



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नीट परीक्षा से जुड़े मामलों को लेकर बीते महीने से आंदोलन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने आगामी 5 सितंबर को प्रस्तावित अपना राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन रद्द करने का ऐलान किया है। सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को आंदोलन की बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांगें, जिसमें छात्रों पर दर्ज मामले वापस लेना और नीट से जुड़े आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को आर्थिक सहायता देना शामिल था, पर अब फैसला आ गया है। इस घोषणा के साथ ही दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आंदोलन वापसी के फैसले का स्वागत किया है।
केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखकर प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने और भविष्य में उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई न करने का भरोसा दिया था। उन्होंने बताया कि इस बारे में भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों की सरकारों से भी बातचीत की गई है और अब सरकार अपने उस आश्वासन को पूरा कर रही है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने जोर दिया कि युवाओं की प्रगति और विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।
दूसरी ओर, छत्रपति संभाजीनगर से सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न्याय की बड़ी जीत बताया। उन्होंने दावा किया कि छात्र आंदोलन के दबाव के कारण ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। दीपके ने कहा कि सरकार पहले उनकी मांगों को स्वीकार नहीं कर रही थी, लेकिन अब कोर्ट के फैसले के बाद पीड़ित परिवारों और छात्रों को न्याय मिला है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दीपके ने नीट मामले से जुड़े आत्महत्या पीड़ित छात्रों के परिवारों से भी बातचीत की और उन्हें हर संभव सहारा देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आंदोलन से जुड़े साथियों के साथ कई दौर की बैठकों के बाद सर्वसम्मति से 5 सितंबर के आंदोलन को रद्द करने का निर्णय लिया गया।

## भारत ने पांचवां विमान राहत सामग्री और विशेष रेस्क्यू टीम के साथ नेपाल भेजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ और आपदा से राहत के लिए अपना पांचवां विमान भी राहत सामग्री और विशेष रेस्क्यू टीम के साथ रवाना कर दिया है। इस मदद को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की ओर से 5.5 टन जरूरी दवाइयां, विशेष बचाव उपकरण और 11 सदस्यों की एक विशेष रेस्क्यू टीम लेकर पांचवां विमान नेपाल के लिए रवाना हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत के तहत नेपाल को कुल चार खेप भेज चुका है, जिसमें करीब 57.5 टन से ज्यादा राहत सामग्री, जनरेटर, मेडिकल टीमें, और खोज-बचाव दल शामिल हैं। भारत सरकार एनडीआरएफ के विशेषज्ञों और जरूरी उपकरणों के साथ नेपाल में फंसे लोगों को निकालने और बुनियादी संपर्क बहाल करने में लगातार मदद कर रहा है। भारत ने 19 सदस्यों वाली 6 फोरेंसिक टीमों को काठमांडू भेजा है। ये टीमें शवों के डीएनए सैंपलिंग और उनकी पहचान करने में नेपाल के प्रशासन की मदद कर रही हैं। भारत ने 230 फीट लंबा सिंगल-लेन मॉड्यूलर स्टील ब्रिज बनाने के लिए 16 ट्रक उपकरण नेपाल पहुंचाए हैं। संपर्क मार्गों को तुरंत चालू करने के लिए 7 अतिरिक्त बेली ब्रिज और उन्हें जल्द इंस्टॉल करने के लिए तकनीकी दल भी भेजे जा रहे हैं। भारत ने विशिष्ट उपकरणों से लैस 13 सदस्यीय विशेषज्ञ सेना टीम को टनल ऑपरेशन्स के लिए भेजा।

## अन्ना की तबीयत में सुधार, महाराष्ट्र के सीएम ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल



मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में भर्ती अन्ना हजारे की तबीयत में सुधार हो रहा है। अब डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक वे खाना खा रहे हैं। उनके करीबी सहयोगी ने बुधवार को यह जानकारी दी। डॉक्टरों के मुताबिक अन्ना हजारे को अभी दो दिन और अस्पताल में निगरानी में रखा जाएगा। उनके सहयोगी ने बताया कि डॉक्टरों ने उनकी जांच की है और उनकी हालत में सुधार हुआ है। पूरी तरह ठीक होने के बाद वह अपने गांव जा सकेंगे। बता दें अन्ना हजारे को सोमवार रात मुंबई के बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले उनके ब्लड टेस्ट में किडनी में संक्रमण के संकेत मिले थे। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार शाम अस्पताल पहुंचकर अन्ना हजारे से मुलाकात की और उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली।

## सिकंदराबाद छावनी से बड़े पैमाने पर हथियार चोरी, हाई अलर्ट जारी

सिकंदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना के सिकंदराबाद कैंटोनमेंट स्थित सेना की मद्रास रेजिमेंट परिसर से 5 असॉल्ट राइफलें (जिसमें 4 एके-सीरीज की), 7 पिस्तौल, 21 मैगजीन और लगभग 19,000 राउंड गोला-बारूद चोरी हो गए हैं। बदमाशों ने हथियार रखने वाली बैरक का दरवाजा तोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद सेना ने पूरे सिकंदराबाद छावनी को हाई अलर्ट पर रखा है, जिसमें अधिकारियों के आवागमन की कड़ी जांच और सुरक्षा एस्कॉर्ट में वृद्धि शामिल है। पुलिस ने भारतीय सेना की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर संदिग्धों की तलाश तेज की है। पुलिस सूत्रों का मानना है कि चोरी के पीछे दो से ज़्यादा लोग हैं और उन्हें परिसर के बारे में अच्छी जानकारी थी। मामले की जांच के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो दोषियों को पकड़ने के प्रयास में लगी हैं। इस घटना ने हथियार रखने की जगह के आसपास उचित सुरक्षा न होने पर भी चिंताएँ बढ़ा दी हैं।

## सिब्बल का आरोप : मतदाता सूची में हेरफेर के लिए बना एसआईआर

### -सुप्रीम कोर्ट से लगाई रोक की गुहार

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग द्वारा हो रही एसआईआर प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को मतदाता सूची में हेरफेर की एक सोची-समझी कवायद बताया है, जिसका उद्देश्य भाजपा को आगामी चुनावों में फायदा पहुंचाना है। वरिष्ठ वकील सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से इस पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी मीडिया रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें दावा किया गया था कि झारखंड के गोड्डा जिले में भाजपा के एजेंट अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि स्थानीय बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) इसका विरोध कर रहे हैं। वरिष्ठ वकील सिब्बल ने घटनाक्रम को बहिष्कार की राजनीति करार दिया, जिसमें बड़े पैमाने पर मुसलमानों को निशाना बनाकर उनके नाम सूची से हटवाए जा रहे हैं। सिब्बल ने कहा कि एसआईआर सिर्फ बहाना है, जिसके जरिए मतदाता सूची में छेड़छाड़ कर भाजपा को चुनाव जीतने में मदद की जा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश कुमार पर भी आरोप लगाए। सिब्बल ने कहा कि झारखंड और दिल्ली में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के पीछे ज्ञानेश कुमार का मकसद है, ताकि भाजपा के लोगों को उन मतदाताओं के नाम काटने का मौका मिल सके जो उन्हें वोट नहीं देते हैं, चाहे वे मुस्लिम हों या कांग्रेसी। वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस पर दुख व्यक्त किया कि अदालतें इसतरह के गंभीर मुद्दों का संज्ञान नहीं ले रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि यदि किसी गरीब व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से कट जाता है, तब उस गरीब इंसान को भारी नुकसान होता है, क्योंकि उसके पास अपना नाम दोबारा जुड़वाने के लिए पर्याप्त साधन नहीं होते। इसलिए, सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से इस हेरफेर को रोकने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने का आग्रह किया है।

## फरीदाबाद छात्रा आत्महत्या : स्कूल में बर्बर सजा और अपमान के आरोप

फरीदाबाद (एजेंसी)। हरियाणा के फरीदाबाद में 11वीं कक्षा की छात्रा द्वारा स्कूल की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। छात्रा के पिता ने आरोप लगाया था कि एक शिक्षक की सजा के बाद उनकी बेटी ने कदम उठाया। अब, अन्य अभिभावक भी सामने आए हैं, जिन्होंने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिभावकों का कहना है कि नवोदय विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कठोर दंड आम बात थी। आरोप है कि छात्रों को घंटों तक धूप में खड़ा रखा जाता था, उनकी पिटाई की जाती थी और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता था।

## सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार: 70,500 से अधिक शिकायतें, बैंक और रेलवे शीर्ष पर

### -केंद्रीय सतर्कता आयोग की हालिया रिपोर्ट में खुलासा




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हालिया रिपोर्ट ने बीते साल सरकारी संस्थानों के खिलाफ भ्रष्टाचार की भयावह तस्वीर पेश की है, जिसमें 70,500 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें सबसे अधिक शिकायतें बैंकिंग और रेलवे जैसे प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित थीं, जो इन विभागों में व्याप्त अनियमितताओं को दिखाती हैं।
रिपोर्ट के अनुसार, आयोग के मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) को कुल 70,584 शिकायतें मिली थीं। इसमें से बीते साल 31 दिसंबर तक 64,905 शिकायतों का निपटारा किया गया। हालांकि, 5,679 शिकायतें अभी भी लंबित थीं, जिसमें से 2,002 शिकायतें तीन महीने से अधिक समय से फंसी हुई हैं। सीवीओ से आमतौर पर 3 महीने के भीतर शिकायतों का निपटारा करने की अपेक्षा की जाती है, और आयोग लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करता है।
आंकड़ों के मुताबिक, बैंकों के सीवीओ को सर्वाधिक 9,933 शिकायतें मिलीं। इसमें से 9,520 का निपटारा हो गया, लेकिन 413 शिकायतें लंबित रहीं, जिसमें 52 शिकायतें 3 महीने से अधिक समय से लंबित थीं। रेलवे भी इस सूची में पीछे नहीं रहा, जहां 9,381 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें से 8,754 का निपटारा किया गया, जबकि 627 शिकायतें लंबित थीं, जिसमें से 10 शिकायतें तीन महीने से अधिक पुरानी थीं।
अन्य प्रमुख क्षेत्रों में आवास और शहरी मामलों से जुड़ी 6,531 शिकायतें, दिल्ली सरकार को छोड़कर स्थानीय निकायों से 4,834, कोयला क्षेत्र से 4,118, वित्त क्षेत्र से 3,107 और दिल्ली सरकार से 2,804 शिकायतें शामिल थीं। पेट्रोलियम मंत्रालय के खिलाफ 2,722, दिल्ली पुलिस के खिलाफ 2,633 और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र से संबंधित 2,139 शिकायतें भी प्राप्त हुईं। रिपोर्ट में सीवीसी द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए सीवीओ को भेजी गई 18,651 शिकायतों का भी उल्लेख है, जिसमें स्थानीय निकायों (4,110), बैंकों (1,749) और रेलवे (1,428) से संबंधित शिकायतें शीर्ष पर थीं। यह रिपोर्ट सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी पर गंभीर सवाल उठाती है।

## बीजेपी नेता रील्स बनाने, फॉलोअर्स बढ़ाने और अपने फैन क्लब बनाने में व्यस्त

### पश्चिम बंगाल विधायक अमरनाथ ने अपनी ही पार्टी नेताओं पर लगाए गंभीर आरोप



**कोलकाता, एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले की ओंडा विधानसभा से बीजेपी के वरिष्ठ विधायक अमरनाथ शाखा ने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने फेसबुक पर की गई अपनी एक तीखी पोस्ट में आरोप लगाया कि बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी जमीनी मुद्दों पर माकपा (सीपीआई-एम) और लेफ्ट फ्रंट का मुकाबला करने के बजाय केवल रील्स बनाने, फॉलोअर्स बढ़ाने और अपने फैन क्लब बनाने में व्यस्त हैं।
उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से इस पार्टी में सक्रिय रहने के कारण कुछ चीजें देखकर मैं चुप नहीं रह सकता। मैं दूसरों को खुश करने में विश्वास नहीं रखता, जो मुझे गलत लगता है, उसके खिलाफ आवाज उठाता हूं और इसी वजह से मेरे कई दुश्मन बन गए हैं। हालांकि इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी पूरी जिंदगी संघर्षों से भरी है। उन्होंने कहा कि मैं कभी ऐसा इंसान नहीं रहा और न ही बनना चाहता हूं, जो सामने वाले व्यक्ति के हिसाब से अपना स्वभाव बदल ले।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमरनाथ ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि जब से बीजेपी सत्ता में आई है, लेफ्ट फ्रंट उकसावे और गलत जानकारी फैलाकर जनता की नजर में सरकार की छवि खराब करने में लगा है फिर भी हमारे वरिष्ठ नेता कोई विरोध नहीं करते। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक वे बस अपना प्रचार करने में ही लगे रहते हैं। उन्हें लगता है कि पार्टी भाड़ में जाए, बस हमारा पेट भरा रहना चाहिए, यही मायने रखता है।
उन्होंने आरोप लगाया कि हर कोई रील्स बनाने, फॉलोअर्स बढ़ाने और अपने फैन क्लब को बड़ा करने में व्यस्त है। सरकार के सत्ता में आने के बाद से उनकी शान-ओ-शौकत बहुत बढ़ गई है देखिए वे कहां से शुरू हुए थे और अब कहां पहुंच गए हैं। उन्हें पार्टी के प्रति कोई जवाबदेही महसूस नहीं होती। उन्होंने कहा कि किसी खास नेता का फॉलोअर बनने के बजाय, पहले पार्टी के प्रति वफादार बनिए। नेता तो आते-जाते रहेंगे, लेकिन पार्टी बनी रहेगी। मैंने अपनी जवानी, परिवार और बाकी सब कुछ छोड़कर अपना पूरा जीवन इस पार्टी को समर्पित किया है। 34 सालों तक मैंने सीपीएम की धमकियों और आतंक के साथ-साथ तृणमूल के अत्याचारों का भी सामना किया है। इन सबके बावजूद लोगों ने हम पर भरोसा बनाए रखा। फिर भी कुछ लोगों की वजह से पार्टी को नुकसान हो रहा है और उन लोगों का ध्यान सिर्फ पैसा कमाने पर है।

## महुआ मोइत्रा की सुरक्षा बढ़ी : कलकत्ता हाईकोर्ट का निर्देश



कोलकाता (एजेंसी)। ,(ईएमएस)। तृणमूल कांग्रेस की नेता और कृष्णानगर से सांसद महुआ मोइत्रा की सुरक्षा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोलकत्ता की अदालत ने निर्देश दिया कि मोइत्रा को उनकी मौजूदा निजी सुरक्षा के अलावा दो और पुलिस सुरक्षाकर्मी मुहैया कराए। सांसद महुआ ने अपने संसदीय क्षेत्र में काम करने के दौरान आ रही दिक्कतों और सुरक्षा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप था कि कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में उन्हें बार-बार बीजेपी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के विरोध और हमलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से उन्हें अपने काम में दिक्कतें आ रही हैं। मामले पर सुनवाई कर जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की सिंगल बेंच ने कृष्णानगर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को सांसद की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश के मुताबिक, महुआ को अगले 30 दिनों के दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र के दौरों के समय दो अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती होगी। हालांकि, अदालत ने शर्त भी तय की है कि अपने संसदीय क्षेत्र में किसी भी दौरे पर जाने से करीब 48 घंटे पहले महुआ मोइत्रा को ईमेल के जरिए जिले के एसपी को लिखित सूचना देनी होगी। कलकत्ता हाईकोर्ट की ओर से जारी किया गया यह अंतरिम आदेश 1 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 अक्टूबर की तारीख तय की है, जिस दौरान पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था और उठाए गए कदमों को लेकर कोर्ट में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया गया है।

## चिन्नागवुर में बुजुर्ग महिला को सीएम विजय ने पहना दिया 40 हजार का सनग्लास

### मेट्टूर डैम के गेट खुलवाकर पानी छोड़ा, किसानों को धोती-साड़ियां भी बांटी





**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिलनाडु के सीएम विजय ने मेट्टूर में कावेरी डेल्टा जिलों में सिंचाई के लिए मेट्टूर डैम के गेट खुलवाए और पानी छोड़ा। सलेम जाते समय वे चिन्नागवुर में बुजुर्ग महिला चेल्लम के घर गए। विजय ने चेल्लम से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। इसी दौरान उन्होंने अपना डियोर का सनग्लास उतारकर चेल्लम को दे दिया। इसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है। चेल्लम ने सनग्लास पहनकर अभिवादन किया और कहा कि विजय को अचानक सामने देखकर वह हैरान रह गईं। विजय उन्हें फिल्मी हीरो जैसे लगे। विजय ने उनसे पूछा कि उन्होंने खाना खाया या नहीं। चेल्लम ने बताया कि वह उनका इंतजार कर रही थीं। विजय ने उन्हें खाना खाने को कहा और बताया कि वह खुद खाना खा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विजय का यह दौरा पहले से तय नहीं था। मेट्टूर से एयरपोर्ट जाते समय वे खेत के पास रुके और बुजुर्ग महिलाओं से मिले। विजय किसान पलानीसामी के पशु शेड में गए और लोगों से बातचीत की। उन्होंने चेल्लम को साड़ी और किसानों को सिल्क की धोती-साड़ियां बांटी। 15 मिनट के इस दौरे का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उन्होंने कहा कि अगर कोई विजय को नुकसान पहुंचाएगा तो वह उनका बचाव करेंगी। चेल्लम ने अपनी निजी परेशानी नहीं बताई। रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें राशन कार्ड की समस्या है और उम्र के कारण वह काम नहीं कर पाती हैं।

## ओवैसी की पार्टी को उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले झटका?

### -राष्ट्रीय प्रवक्ता के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें

**लखनऊ, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली पार्टी एआईएमआईएम को एक बड़ा झटका लग सकता है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद असीम वकार के कांग्रेस में शामिल होने की खबरें सामने आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, वकार गुरुवार तक दिल्ली में कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं, हालांकि उन्होंने इन खबरों की न तो पुष्टि की है और न ही खंडन किया है। वकार पिछले लगभग एक दशक से ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से जुड़े हुए हैं और उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में उनकी अच्छी पहचान है। ऐसे में, यदि वे पार्टी छोड़ते हैं, तो यह उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने और सीटें जीतने की एआईएमआईएम की कोशिशों के लिए एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।
असीम वकार का एआईएमआईएम में महत्व काफी अधिक है, खासकर उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्य में जहाँ पार्टी अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रही है। एक राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में, वे पार्टी के विचारों और रणनीतियों को जनता तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि वकार पिछले कुछ समय से पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई से जुड़े फैसलों को लेकर नाराजगी व्यक्त कर रहे थे। एआईएमआईएम में शामिल होने से पहले, वे लगभग 20 साल तक समाजवादी पार्टी में भी रहे थे, जिससे उत्तर प्रदेश की राजनीति में उनकी गहरी जड़ें स्पष्ट होती हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने वकार के कांग्रेस में जाने की योजना में अहम भूमिका निभाई है। असदुद्दीन ओवैसी ने अभी यह तय नहीं किया है कि एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया है कि पार्टी विधानसभा चुनाव निश्चित रूप से लड़ेगी और सीटें जीतने की पूरी कोशिश करेगी। पिछले महीने, ओवैसी ने यह दावा किया था कि पार्टी का संगठन पहले की तुलना में काफी मजबूत हुआ है और जनता में एआईएमआईएम को एक विकल्प के तौर पर देखने की सोच भी प्रबल हुई है।

## चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर, 400 दुकानें और 20 होटल जलमग्न

### उत्तराखंड में बारिश से जुड़े हादसों में 11 की मौत, बिहार के 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के कई राज्यों में मानसूनी बारिश का तांडव जारी है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर बह रही है। रामघाट क्षेत्र में करीब 400 दुकानें और 20-25 होटल जलमग्न हो गए हैं। प्रशासन ने तटवर्ती 36 गांवों में हाई अलर्ट जारी किया है। वहीं एक नाविक के तेज बहाव में बहने की सूचना है, जिसकी तलाश जारी है। यूपी के सहारनपुर में भारी बारिश से नदियां उफान पर हैं, जिससे कई संपर्क मार्ग और पुल डूब गए हैं। वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर से रत्नेश्वर महादेव मंदिर का लगभग पानी में डूब गया है।
वहीं उत्तराखंड में बारिश से जुड़े हादसों में 11 लोगों की जान चली गई है। मौसम विभाग की भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर नैनीताल, अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों में सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। हल्द्वानी में गौला नदी पूरे उफान पर है। पटना सहित कई इलाकों में तेज बारिश से जलभराव की स्थिति बन गई है। मौसम विभाग ने पटना समेत राज्य के 14 जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रोहतास के मांझर कुंड झरने में फंसे दो युवकों को पानी घटने के बाद सुरक्षित निकाला गया।
झारखंड के पलामू में सोन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वहीं, छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के सेमरिया गांव में बाढ़ के चलते ग्रामीणों को कमर तक पानी में चलकर अंतिम संस्कार के लिए जाना पड़ा। 3 सितंबर को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर राज्यों में गरज-चमक के साथ तेज बारिश का अनुमान है। 4 सितंबर को मध्य प्रदेश में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में भी मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है।
उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से आम लोगों को जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बीते कई दिनों से प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर हो रही बारिश के चलते तमाम नदियों को जलस्तर बढ़ गई हैं। गंगा-यमुना नदियां खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। यूपी में बीते 24 घंटों में पूर्वांचल के कई जिलों में मूसलाधार बारिश देखने को मिली है। पीलीभीत में शारदा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। वहीं बनबसा बैराज से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की आशंका है। ऐसे में हालात और खराब हो सकते हैं।
वाराणसी में वरुणा नदी का जलस्तर भी बढ़ा हुआ हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने की वजह अब पानी तटवर्ती इलाकों में घुस गया है। तमाम घाट पानी में डूब गए हैं। कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। पानी बढ़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है। मौसम विभाग ने आज भी बांदा, प्रयागराज, आगरा, मेरठ, झांसी, बरेली समेत 30 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

### ईशांत शर्मा: कपिल देव के बाद टेस्ट में भारत के दूसरे सफलतम तेज गेंदबाज

# पांच साल से पहले खेला आखिरी मैच

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा को उनकी लंबाई और निरंतरता के साथ 150 के आस-पास की गति के साथ गेंदबाजी के लिए जाना जाता है। ईशांत टेस्ट क्रिकेट में भारत के छठे सबसे सफल गेंदबाज हैं। वहीं कपिल देव के बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के दूसरे सबसे सफल तेज गेंदबाज हैं। ईशांत शर्मा का जन्म 2 सितंबर 1988 को दिल्ली में हुआ था। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 2006 में दिल्ली के लिए डेब्यू किया। छह फीट चार इंच लंबे ईशांत शर्मा के पास वह सारी क्षमताएं थी, जो एक तेज गेंदबाज में होनी चाहिए। उनके पास गति के अलावा, स्विंग, और बाउंस था, जो विपक्षी बल्लेबाजों के लिए हमेशा मुश्किल खड़ी करता था। विराट कोहली, शिखर धवन, गौतम गंभीर जैसे दिग्गज क्रिकेटरों के साथ घरेलू क्रिकेट खेलने वाले ईशांत को मई 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। घरेलू क्रिकेट में पदार्पण के ठीक एक साल बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाले ईशांत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया और जल्द ही टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में भारतीय तेज गेंदबाजी का



प्रमुख चेहरा बन गए। ईशांत ने देश और विदेश दोनों जगहों पर सफलता प्राप्त की। एमएस धोनी की कप्तानी में 2013 में इंग्लैंड को हराकर आईसीसी चैंपियस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के ईशांत अहम सदस्य रहे।

शर्मा का व्यापक असर टेस्ट क्रिकेट में दिखा। विराट कोहली की कप्तानी में देश और विदेश में टेस्ट में भारतीय टीम को मिली सफलता की एक वजह ईशांत की गेंदबाजी भी रही। शर्मा भारत के उन चुनिंदा क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्हें 100 टेस्ट खेलने की उपलब्धि हासिल हो सकी है।

38 साल के होने जा रहे ईशांत शर्मा ने भारतीय टीम के लिए 105 टेस्ट मैच, 80 वनडे और 14 टी20 मैच खेले हैं। टेस्ट मैचों में उनके 311, वनडे में 115 और टी20 में 8 विकेट दर्ज हैं। ईशांत नवंबर 2021 के बाद से भारतीय टीम के लिए नहीं खेले हैं।

ईशांत निश्चित रूप से अब भारतीय टीम की योजना में नहीं हैं, लेकिन उन्होंने अब तक संन्यास नहीं लिया है। वह आईपीएल में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं।

### लॉर्ड्स टेस्ट में करारी हार के बाद पाकिस्तान का बड़ा एक्शन

# इंग्लैंड दौरे से 7 खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ की छुट्टी, माइक हेसन को कमान



**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 194 रनों की करारी शिकस्त और सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कड़े कदम उठाए हैं। पीसीबी ने इंग्लैंड दौरे के बीच से ही अपनी लगभग आधी टीम बदलते हुए 7 प्रमुख खिलाड़ियों को स्वदेश वापस बुलाने का फैसला किया है। इसके साथ ही मुख्य कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को भी पद से हटा दिया गया है। टीम से बाहर किए गए 7 खिलाड़ी और उनके रिप्लेसमेंट पीसीबी के आधिकारिक बयान के अनुसार, खराब प्रदर्शन के चलते बाहर किए गए खिलाड़ियों की जगह नए खिलाड़ियों को तीसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड भेजा जा रहा है।

**वापस बुलाए गए खिलाड़ी (7):** मोहम्मद रिज़वान, इमाम-उल-हक़, सलमान अली आग़ा, आमिर जमाल, खुर्रम शहज़ाद, अली उस्मान और ओवैस ज़फ़र।

**नए शामिल खिलाड़ी (7):** साइम अयूब, अब्दुल्ला फ़ज़ल, अराफ़ात मिन्हास, इमरान जूनियर, साद बेग, इमरान रंधावा और रज़ाउल्लाह।

**कोचिंग स्टाफ में बड़ा फेरबदल:** माइक हेसन को टेस्ट की भी कमान

**सरफराज और उमर गुल की छुट्टी:** मुख्य कोच सरफराज अहमद और बॉलिंग कोच उमर गुल की छुट्टी कर दी गई है।

**हेसन और नोफ्के को जिम्मेदारी:** सीमित ओवरों (व्हाइट-बॉल) के मुख्य कोच माइक हेसन को अब टेस्ट (रेड-बॉल) टीम का भी मख्य कोच नियक्त किया गया है। वहीं एशले नोफ्के को टीम का नया गेंदबाजी कोच बनाया गया है।

### भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित

## हैंड्सकॉम्ब, सैम कोंस्टास को मौका


**नई दिल्ली ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारत ए टीम के खिलाफ होने वाली दो चार दिवसीय, और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम की घोषणा कर दी गई है। पीटर हैंड्सकॉम्ब को ऑस्ट्रेलिया ए टीम में जगह मिली है। इससे उनके टेस्ट करियर को एक और मौका मिल सकता है। टीम में ब्रेंडन डॉगेट और झाई रिचर्डसन भी हैं। ऑस्ट्रेलिया ए इस महीने के आखिर में दौरे के चार दिवसीय मैचों के लिए पुडुचेरी जाएगी, जिसके बाद तीन 50–ओवर के मैच होंगे। भारत ए के खिलाफ सीरीज बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी से पहले दौरे पर आ रहे कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास सीनियर टीम में जगह बनाने का यह मौका है। 35 साल के हैंड्सकॉम्ब चार दिन की टीम में सबसे उम्रदराज और सबसे अनुभवी खिलाड़ी



हैं। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के पिछले बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी टूर के सभी चार टेस्ट में खेलने के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है और न ही ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेला है। आने वाले महीनों में ऑस्ट्रेलिया के भारत लौटने के साथ, यह टूर उन्हें सीनियर टीम में वापसी की दावेदारी का मजबूत मौका देता है। ऑस्ट्रेलिया सबकॉन्टिनेंटल कंडीशन के लिए अपने तेज गेंदबाजी विकल्प को देख रहा है, इसलिए डॉगेट और रिचर्डसन पर भी ध्यान देने की संभावना है। रिचर्डसन कंधे की कई बड़ी सर्जरी के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे हैं, जबकि टॉड मर्फी, सैम कॉन्स्टास और नाथन मैकस्वीनी उन नौ खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पिछले साल लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया ए के चार–दिवसीय मैचों से लौटे हैं। युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन स्पेंसर जॉनसन के साथ वन–डे टीम में हैं।'

### काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लिश काउंट टीम

# सरे से जुड़े औकिब नबी



### फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे 3 मुकाबले

नई दिल्ली। हाल ही में भारतीय टीम में चुने गए तेज गेंदबाज औकिब नबी काउंटी चैंपियनशिप में इंग्लिश काउंटी टीम 'सरे' से जुड़ गए हैं, जिसके लिए 3 मैच खेलेंगे। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय घरेलू क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने टूर्नामेंट में 60 विकेट लिए और जम्मू-कश्मीर को उसका पहला खिताब जिताने में मदद की। नबी अब सरे के लिए यॉर्कशायर, ससेक्स और ग्लैमॉर्गन के खिलाफ होने वाले अगले तीन मुकाबलों में खेलेंगे। 'आईएएनएस' ने 28 अगस्त को खबर दी थी कि नबी के रविवार को सरे से जुड़ने और काउंटी चैंपियनशिप में खेलने की संभावना है। नबी सरे के लिए तीन मैच खेलेंगे, जिसकी शुरुआत 2 सितंबर को 'द ओवल' में यॉर्कशायर के खिलाफ मैच से होगी। इसके बाद क्रमशः 8 और 15 सितंबर को होव और 'द ओवल' में ससेक्स और ग्लैमॉर्गन के खिलाफ मैच होंगे।

इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने रविवार को 'आईएएनएस' को बताया, 'हां, सभी कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद औकिब को इंग्लैंड जाने के लिए वीजा मिल गया है। माना जा रहा है कि वह आज नई दिल्ली से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो वह 2 सितंबर से शुरू होने वाले मैच के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। इस दौरे का मुख्य मकसद भारतीय टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं के लिए यह देखना भी है कि क्या नबी इंग्लैंड में गेंद को अच्छी तरह से स्विंग करा सकते हैं, क्योंकि न्यूजीलैंड में होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें रेड कूकाबुरा गेंद के साथ अनुकूल परिस्थितियों में ऐसा करने की जरूरत होगी।'

नबी को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चोटिल जसप्रीत बुमराह के स्थान पर चुना गया था, हालांकि उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिल सका, क्योंकि भारत दोनों मुकाबलों में दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरा था।

### विमेंस डीपीएल

# नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को हराया



**नई दिल्ली ।** विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के खिलाफ 2 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। अब दोनों टीमें फाइनल मैच में बुधवार को फिर से आमने-सामने होंगी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 5 विकेट खोकर 126 रन बनाए।

ओपनर नजमा 2 रन पर आउट हो गईं, जबकि शिवी शर्मा 3 रन पर आउट हुईं, जिससे टीम 12/2 के स्कोर पर दबाव में आ गई। इसके बाद कप्तान आयुषी सोनी ने 55 गेंदों पर नाबाद 62 रनों की अहम पारी खेली और सात चौकों की मदद से पारी को संभाला। अर्चना ने 14 गेंदों पर 21 रन बनाकर टीम को जरूरी गति दी, जबकि समायरा राघव ने 26 गेंदों पर 32 रनों का अहम योगदान दिया, जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था।

साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए रूपाली विश्व मोहन ने 23 रन देकर 2 विकेट लिए। इनके अलावा, मयूरी सिंह, तनिषा सिंह और एकता भड़ाना ने 1-1 विकेट निकाला। 126/5 के मामूली स्कोर का बचाव करते हुए, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने अनुशासित गेंदबाजी की और तनावपूर्ण आखिरी ओवर में संयम बनाए रखते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को 124/7 के स्कोर पर रोक दिया। भले ही साउथ दिल्ली की शुरुआत ठीक रही, लेकिन टीम के लिए कोई निर्णायक साझेदारी नहीं हुई।

प्रिया पुनिया ने 30 गेंदों पर सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि तनीषा सिंह ने 24 रन और कप्तान श्वेता सहरावत ने 12 गेंदों पर 20 रन की पारी खेली।

### आईसीसी रैंकिंग

## विमेंस एशिया कप में ऑलराउंडर प्रदर्शन, टी20 करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचीं अट्टापट्टू

**दुबई ।** विमेंस एशिया कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू आईसीसी विमेंस टी20 प्लेयर रैंकिंग में तीनों कैटेगरी में अपने करियर की बेस्ट रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। अट्टापट्टू ने 29 अगस्त को यूएई के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 25 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए। बतौर गेंदबाज 3 ओवरों में 10 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। कप्तान के इस प्रदर्शन की बदौलत टीम ने 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की। इस नतीजे से अट्टापट्टू बल्लेबाजों की रैंकिंग में 734 रेटिंग प्वाइंट्स, गेंदबाजों में 552 और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 405 प्वाइंट्स के साथ अपने करियर की सबसे बेहतरीन स्थिति में



पहुंच गई। वह टी20 बल्लेबाजों में छठे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि गेंदबाजी सूची में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑल–राउंडर्स में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। अट्टापट्टू का यह प्रदर्शन इस साल की शुरुआत में आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में उनके अच्छे प्रदर्शन के बाद आया है, जहां उन्होंने श्रीलंका के लिए 172 रन बनाए थे और तीन विकेट लिए थे। उनकी ओपनिंग पार्टनर इमेशा दुलानी ने भी लेटेस्ट अपडेट में काफी सुधार किया है। यूएई के खिलाफ 18 गेंदों पर 25 रन की पारी खेलने वाली दुलानी चार स्थान ऊपर चढ़कर 625 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ 18वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। वहीं, हर्षिता समरविक्रमा बल्लेबाजों में एक स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंकाई गेंदबाजों को भी टूर्नामेंट के अपने शानदार ओपनिंग मैच का फायदा मिला है। मिताली अयोध्या ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे यूएई का स्कोर 79 रन तक सीमित रहा और वह 18 स्थान ऊपर चढ़कर 70वें स्थान पर पहुंच गई; साथ ही उनके 444 प्वाइंट्स भी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है।

## वैभव, अभिमन्यु के साथ चमके मुकेश

### 'सेंट्रल' को 4 विकेट से हराकर फाइनल में 'ईस्ट जोन'

**बेंगलुरु ।** ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी 2026 के 'सेमीफाइनल–1' में सेंट्रल जोन के खिलाफ मुकाबले के तीसरे दिन 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। कुल 7 विकेट हासिल करने वाले मुकेश कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अब फाइनल मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 6 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें ईस्ट जोन की भिड़ंत सेमीफाइनल–2 (नॉर्थ जोन बनाम साउथ जोन) की विजेता टीम से होगी। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 266 रन बनाए। इस पारी में रिंकू सिंह ने सर्वाधिक 60 रन जड़े, जबकि आर्यन जुयाल ने 46 रन टीम के खाते में जोड़े। इनके अलावा, यश ठाकुर ने नाबाद 30 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से मुकेश कुमार (56/3) और अभिजीत सरकार ने 3–3 विकेट निकाले, जबकि मोहम्मद शमी और कौनेन कुरैशी ने 2–2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में ईस्ट जोन भी अपनी पहली पारी में 266 रन ही बना सकी। सलामी जोड़ी के रूप में वैभव सूर्यवंशी ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 153 गेंदों में 162 रन की साझेदारी की। वैभव 81 गेंदों में 7 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 92 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अभिमन्यु ने 8 चौकों के साथ 69 रन की पारी खेली। इनके अलावा सुदीप कुमार ने 25 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हर्ष दुबे ने 4 विकेट झटके। आर्यन पांडे और यश ठाकुर को 3–3 विकेट हाथ लगे। सेंट्रल जोन की दूसरी पारी 158 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 97 के स्कोर तक 8 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद अरशद खान ने हर्ष दुबे के साथ 9वें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शर्मनाक स्थिति से बाहर निकालने की कोशिश की। हर्ष 3 चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अरशद (25) ने यश ठाकुर (नाबाद 4) के साथ 18 रन जोड़े। इस पारी में मुकेश कुमार ने 44 रन देकर 4 विकेट निकाले। इनके अलावा, मोहम्मद शमी ने 3 शिकार किए।


### अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

# वैभव को मौका, बुमराह भी शामिल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को 15-सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। श्रेयस अय्यर टीम की कमान संभालेंगे, जबकि तिलक वर्मा को उप-कप्तानी सौंपी गई है। 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर से भारतीय टी20 टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने पिछले मौके को बखूबी भुनाया था। इस टीम में नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा को फिटनेस के आधार पर शामिल किया गया है, लेकिन मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को मौका नहीं मिला। टीम में अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती जैसे नियमित खिलाड़ी शामिल हैं। हर्षित राणा की भी टीम में वापसी हुई है,जबकि जुलाई में जिम्बाब्वे में खेलने वाली टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं। जिम्बाब्वे टी20 सीरीज में न चुने जाने के बाद संजू सैमसन की वापसी हुई है। नियमित तेज गेंदबाजों की वापसी से गेंदबाजी विभाग में भी बदलाव हुए हैं। अर्शदीप के साथ बुमराह और हर्षित शामिल हैं। प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा और मयंक यादव, जो सभी जिम्बाब्वे दौरे पर गई टीम का हिस्सा थे, इस बार टीम में जगह नहीं बना सके। हार्दिक पांड्या को भी टीम में जगह नहीं मिली है।

भारत और अफगानिस्तान के बीच 13 सितंबर को वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा, जिसके बाद 15 सितंबर को दूसरा मुकाबला आयोजित होगा। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 17 सितंबर को खेला जाना है। तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे। वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में दलीप ट्रॉफी 2026 में अपना जलवा बिखेरा है। उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में ईस्ट जोन के लिए खेलते हुए सेंट्रल जोन के खिलाफ 92 और 40 रन की पारियां खेली थीं।



### अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की टी-20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उप–कप्तान), शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी*, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर*, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह*, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा*।

# 20 देशों के तीरंदाज, एक निशाना... अहमदाबाद में होगा पैरा आर्चरी का महाकुंभ

## साबरमती रिवरफ्रंट पर पहली बार वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज, भारत के स्टार खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद

अहमदाबाद (ईएमएस)। शहर भारत में पहली बार आयोजित होने वाली वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज (डब्ल्यूएपीएस) की मेजबानी करेगा। इसके अंतर्गत, अहमदाबाद के आइकॉनिक साबरमती रिवरफ्रंट में 5 से 9 सितंबर, 2026 के दौरान पांच दिनों के लिए 20 देशों के 100 से अधिक खिलाड़ी एक साथ निशाना लगाते दिखाई देंगे। आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) की ओर से गुजरात सरकार, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात (एसएजी) और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) के सहयोग से आयोजित इस ऐतिहासिक इवेंट में दुनिया के अग्रणी पैरा तीरंदाज रिकर्व ओपन, कंपाउंड ओपन, डब्ल्यू1 और विजुअली इम्पेयर्ड (दृष्टिहीन) श्रेणी में मुकाबला करेंगे।

इस इवेंट का विधिवत उद्घाटन 4 सितंबर, 2026 को दी फोरम – होटल एंड कन्वेंशन में होगा। इस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा, "'हर तीर हिम्मत की कहानी कहता है' की थीम पर आधारित यह उद्घाटन समारोह पैरा-एथलीटों के दृढ़ मनोबल, लचीलेपन और खेलकूद की श्रेष्ठता का जश्न मनाएगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मंच पर सटीकता और समर्पण देखने को मिलेगा।" संघवी ने आगे कहा, "मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात अंतरराष्ट्रीय खेल इवेंट्स की मेजबानी के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। अहमदाबाद में इस अंतरराष्ट्रीय सीरीज का आयोजन खेल के बड़े कार्यक्रमों के स्थल के रूप में गुजरात की पहचान को और मजबूत करेगा और पैरा-तीरंदाजी को एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा।"

इस प्रतियोगिता में भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, हंगरी, इंडोनेशिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, कजाकिस्तान, मैक्सिको, स्लोवेकिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, साइप्रस, चेकिया (चेक रिपलब्लिक), इराक, रशियन फेडरेशन और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत के अग्रणी दावेदारों में पेरिस 2024 पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर सिंह, वर्ल्ड पैरा आर्चरी चैंपियन और पैरालंपिक मेडल विजेता शीतल देवी, अर्जुन पुरस्कार प्राप्त और वर्ल्ड पैरा आर्चरी मेडल विजेता राकेश कुमार और पैरालंपियन श्याम सुंदर स्वामी शामिल हैं। आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, "अहमदाबाद में हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज का आयोजन करना आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लिए बहुत ही गर्व की बात है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों को भारत में लाने से हमारे खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय मुकाबले का अवसर मिलेगा और नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।"

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com